www.navpradesh.com

दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | मनोरंजन/खेल/व्यापार 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 12 जनवरी 2022, शुक्ल पक्ष दशमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-267 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

कोशिश आखिरी सांस तक करनी चाहिए, मंजिल मिले या तजुर्बा, चीज़ें दोनों ही नायाब हैं।

आज बेबाक

इस बार कोरोना का कहर सबसे ज्यादा उन भाड़े के टट्टुओं पर टूटा है जो चुनावी सभाओं की शोभा बढ़ाते थे। दारू, मुरगा के साथ ही नगदऊ भी पाते थे। कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को मद्देनजर रखकर चुनाव आयोग ने चुनावी रैलियों पर रोक लगाकर उन निठल्लों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। चुनावी सभाएं नहीं होंगी तो बड़े-बड़े कटआउट भी नहीं बनेंगे, बैनर नहीं लगेंगे। इस काम में लगे लोगों का धंधा भी मंदा पड़ जाएगा। सिर्फ पांच लोगों के साथ डोर-टू-डोर जनसंपर्क करने वाले प्रत्याशी भी बिन बारात के दूल्हे बनकर रह जाएंगे।

सूर्योदय

उदय : 6.44 प्रात:

अस्त : 5:16 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,919,541,980

भारत: 1,401,107,150

बाजार

सेंसेक्स : 60,616.89

निफ्टी: 18,055.75

गोल्ड : 46,650 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 60,800 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 5.01 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	27.8	13.8
बिलासपुर	27.2	13.1
जगदलपुर	28.5	12.3
अंबिकापुर	22.9	09.5

आज का दिवस

राष्ट्रीय युवा दिवस: राष्ट्रीय युवा दिवस इस देश के उन युवाओं को समर्पित है, जो भारत के लिए एक स्वस्थ और बेहतर भविष्य को आकार देने की क्षमता रखते हैं। प्रसिद्ध भारतीय व्यक्तित्व स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मनाया जाने वाला राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह खास होता है। राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती पर हर साल 12 जनवरी को मनाया जाता है। 12 जनवरी, 1863 को जन्मे स्वामी विवेकानंद ने दुनिया भर में लोगों के भारत को देखने के तरीके को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वामी विवेकानंद के जीवन और कार्य ने कई वर्षों से लाखों लोगों को प्रेरित किया है। 1985 में, भारत सरकार ने एक नोट बनाया इस उद्देश्य के साथ कि विवेकानंद की विचारधारा विशेष रूप से युवाओं को प्रेरित कर सकती है और उनके जीवन को आकार देने में मदद कर सकती है। तभी से उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

सीजी में कोरोना ने पकड़ी रफ्तार, सरकार ने वर्क फ्रॉम होम का आदेश किया जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण के बेकाबू होने के बाद शासन ने कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वर्क फ्रॉम होम का आदेश जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने मंत्रालय और डायरेक्टरेट के लिए नए दिशा निर्देश जारी किए है। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी इस आदेश के मुताबिक मंत्रालय एवं समस्त विभाग अध्यक्ष कार्यालयों के संचालन के विषय में यह दिशा निर्देश जारी किए गए है। जिसमें प्रदेश में बढ़ रहे कोरोनावायरस है तमाम दफ्तर के कर्मचारियों को घर से काम करने की नसीहत दी गई है। जारी आदेश में यह कहा गया है कि वर्तमान में

करोना के फैलाव की स्थिति को देखते हुए कोविड-19 से संबंधित असुविधा होने पर भार साधक सचिव एवं विभागाध्यक्ष अपने निवास से वर्क फ्रॉम होम के जरिए तमाम कामकाज कर सकेंगे। वहीं जिन कर्मचारियों की ड्यूटी नहीं है, वे कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम से कार्य कर सकेंगे। साथ ही ऐसे अधिकारी जिसे कोविड-19 से संबंधित कोई असुविधा है, जिससे वह कार्यालय आने में असमर्थ है। तो ऐसी स्थिति में वे भी वर्क फ्रॉम होम कर सकेंगे।

राज्य सूचना आयोग में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश बैन

वहीं कोरोना संक्रमण की वजह से छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में भी बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया है। आयोग में द्वितीय अपील और शिकायत के प्रकरणों की सुनवाई के लिए अपीलार्थी, कार्यकर्ता और प्रथम अपीलीय अधिकारी सहित किसी भी बाहरी व्यक्ति को नहीं आने की हिदायत है। आयोग अब मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कर रहा है।

अब 7 दिन में होंगे डिस्चार्ज

वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशों के बाद प्रदेश में भी होम आइसोलेशन की गाइडलाइन बदली है। नए नियमों के मुताबिक हल्के लक्षण और बिना लक्षण वाले पॉजिटिव मरीजों को अब 7 दिन में ही होम आइसोलेशन से डिस्चार्ज किया जा सकता है। अब तक होम आइसोलेशन की अवधि 14 दिन निर्धारित थी।

सभी सीएचएमओ को ये हैं निर्देश

छग में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक ने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को होम आइसोलेशन के नए निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके तहत बिना लक्षण वाले और हल्के लक्षण वाले मरीजों के लिए सात दिन का होम आइसोलेशन ही काफी है। आइसोलेशन के आखिरी तीन दिनों यानी 5वें, 6वें और 7वें दिन मरीज को बुखार न आए तो डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा छोड़ सपा में शामिल

बीजेपी में मची खलबली और विधायक भी साइकिल में हो सकते हैं सवार

नई दिल्ली। योगी सरकार के मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने फूल का साथ छोड़कर सायकल की सवारी कर ली है। मंगलवार को स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंत्री पद और भाजपा के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर ऐन चुनाव के पहले समाजवादी पार्टी में प्रवेश कर लिया है। सपा में शामिल होते ही सुप्रीमों अखिलेश यादव ने ट्विटर पर मौर्य के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि स्वामी का 'प्रसाद' अब सपा को मिलेगा।

अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य का पार्टी में स्वागत करते हुए लिखा, सामाजिक न्याय और समता-समानता की लड़ाई लड़ने वाले लोकप्रिय नेता स्वामी प्रसाद मौर्या जी और उनके साथ आने वाले अन्य सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का सपा में ससम्मान हार्दिक स्वागत और अभिनंदन! सामाजिक न्याय का इंकलाब होगा, बाइस में बदलाव होगा।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने जिस तरह 2017 के चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी को झटका देकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा था उसी तरह अब मतदान की तारीखों के ऐलान के बाद अब उन्होंने भाजपा का दामन छोड़ दिया है।

बीजेपी के लिए ये एक बड़ा झटका माना जा रहा है। वह ना सिर्फ योगी सरकार में मंत्री थे, बल्कि यूपी के दिग्गज नेताओं में शुमार किए जाते हैं।

जातियों की राजनीति में बड़ा फैक्टर हैं मौर्य

उत्तर प्रदेश की राजनीति से वाकिफ लोग इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि यहां चुनाव में जाति कितना बड़ा फैक्टर है। स्वामी प्रसाद मौर्य यूपी के बड़े ओबीसी नेता हैं। पांच बार के विधायक स्वामी प्रसाद मौर्य का कुशवाहा, मौर्य, शाक्य और सैनी समुदाय पर अच्छा प्रभाव माना जाता है। मौर्य और कुशवाहा सबसे प्रमुख पिछड़ी जातियां हैं। पूर्वांचल और अवध के जिलों में इनकी अच्छी आबादी है। माना जा रहा है कि मौर्य के जाने से बीजेपी को ओबीसी वोटों को अपने साथ जोड़े रखने में चुनौती का सामना करना पड़ेगा। कुछ अन्य छोटे दलों को साथ जोड़ चुकी है, जिनका ओबीसी वोट बैंक पर प्रभाव है।

जल्दबाजी में न लें फैसला: केशव

स्वामी प्रसाद मौर्य के सपा प्रवेश के बाद भी बीजेपी उन्हें वापस लाने की कोशिश में जुटी हुई है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने स्वामी से अपने फैसले पर दोबारा विचार करने को कहा है। उन्होंने साथ बैठकर चर्चा करने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि जल्दबाजी में फैसले अक्सर गलत हो जाते हैं।

सपा में शामिल होने कुछ अन्य नेताओं में भी है होड़

स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद भाजपा के 3 और विधायकों ने पार्टी छोड़ दिया है। कानपुर देहात से भाजपा विधायक भगवती सिंह सागर और बांदा के तिंदवारी से भाजपा विधायक ब्रजेश प्रजापति ने भी भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। शाहजहांपुर से तिलहर विधायक रोशनलाल वर्मा भी भाजपा छोड़कर साइकिल पर सवार हो गए हैं। उधर अन्य विधायकों के भी समाजवादी पार्टी के साथ जाने की चर्चा चल रही है। इस सभी विधायकों ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को इस्तीफा भेजा है। इस्तीफा देने वाले विधायकों ने भाजपा दलितों, पिछड़ों और वंचितों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए त्यागपत्र दिया है। उन्होंने कहा, हम लोगों की शिकायतें उठाते थे तो उन्हें नहीं सुना जाता था, हमें नहीं सुना जाता था। हमने मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह से शिकायत की लेकिन कुछ नहीं हुआ। वर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार दिखा रही है कि रोजगार दिए गए हैं जबकि यह सब फर्जी है, इसी से क्षुब्ध होकर उन्होंने पार्टी छोड़कर सपा का दामन थामा है।

5 लाख सरकारी नौकरी पर सियासत...

रोजगार देने के मामले में सीएम व पूर्व सीएम आमने-सामने



रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने सीएम भूपेश पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के पांच लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलने पर निशाना साधा है।

रमन सिंह ने ट्वीट कर कहा है कि यह झूठ छत्तीसगढ़ के युवाओं के मुंह पर तमाचा है। उन्होंने सीएम भूपेश को को चुनौती देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बताएं किन 5 लाख युवाओं को, किस-किस विभाग में नौकरी दी। युवाओं से भी मेरा कहना है कि वो भी सरकार से सवाल पूछें कि आखिर जॉब्स उन्होंने किसे दी, क्योंकि प्रदेश में तो किसी को मिली नहीं है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित रेडियो वार्ता लोकवाणी की 25वीं कड़ी में 'युवा सपने और छत्तीसगढ़' विषय पर प्रदेशवासियों से चर्चा की थी। सीएम ने लोकवाणी में कहा था कि छत्तीसगढ़ में विगत तीन वर्षों में रोजगार के अवसरों में बहुत बढ़ोतरी हुई है और इसका लाभ युवाओं को भी मिला है। पिछले तीन वर्षों में सरकारी, अर्द्धसरकारी कार्यालयों में सीधी भर्ती के अलावा अन्य माध्यमों से भी भर्ती की गई है, जिसके कारण 4 लाख 65 हजार से अधिक लोगों को सरकारी और अर्द्धसरकारी कार्यालयों में काम करने का अवसर मिला है। इसके अलावा 30 हजार नौकरियां नए उद्योगों में मिली हैं। प्रदेश में निजी क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर नौकरियों के अवसर पैदा हुए हैं। हमने ग्रामीण अंचलों में युवाओं को निर्माण कार्यों से जोड़ने के लिए ई-श्रेणी पंजीयन कराया था, जिसके अंतर्गत 3 हजार से अधिक युवाओं ने पंजीयन कराया है, जिन्हें बिना टेंडर के निर्माण कार्य का ठेका दिया जा रहा है। अभी तक लगभग एक हजार पंजीकृत युवाओं को सड़क, भवन आदि निर्माण कार्य आवंटित किए जा चुके हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

निलंबित एडीजी जीपी सिंह दिल्ली से गिरफ्तार, रायपुर लाने की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के निलंबित आईपीएस जीपी सिंह की गिरफ्तारी हो गई है। जिसके बाद अब उन्हें रायपुर लाने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक उनकी गिरफ्तारी दिल्ली से की गई है। बताया जा रहा है कि दिल्ली में निलंबित एआईपीएस जीपी सिंह की गिरफ्तारी के लिए रायपुर पुलिस, ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम ने पिछले तीन चार दिनों से कैंप किया था। जिसके बाद इस टीम के कुछ सदस्यों के कोरोना संक्रमित होने का एक अफवाह उड़ाई गई थी। जिसके बाद जीपी सिंह ने अपना ठिकाना बदलने की तैयारी की और उनकी गिरफ्तारी की जा सकी है।

गौरतलब है कि एंटी करप्शन ब्यूरो ने एडीजी जीपी सिंह और उनके संबंधियों के अलग अलग ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की थी। इस छापे में जीपी सिंह और उनके संबंधियों से तकरीबन 10 करोड़ रुपए की अनुपातहीन संपत्ति मिलने की बात एंटी करप्शन ब्यूरो के आला अफसरों ने कही थी। जिसके बाद से निलंबित एडीजी सिंह की खोजबीन की जा रही थी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बेमौसम बारिश से रबी की फसल चौपट, कृषि मंत्री ने कलेक्टर्स को दिए आंकलन के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में दो दिन से हो रहे बेमौसम बारिश से रबी की फसल चौपट हो गई है। जिससे किसानों को भारी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं समितियों में खुले में रखे धान भी भीग गए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर प्रदेश के कृषि मंत्री ने सभी जिलों के कलेक्टर्स को बारिश से हुए नुकसान का आंकलन करने निर्देश दिया है। कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने मीडिया से चर्चा के दौरान बारिश से रबी फसल पर हो रही नुकसान दिखाई देने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में किसानों ने अपने-अपने खेतों में चना, लाख, लाखड़ी और अलसी की फसल बोये थे जो बारिश से प्रभावित हुई है। कलेक्टर और अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, बारिश थमने के बाद आकलन किया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को मुआवजा की राशि भी क्षति के आंकलन के मुताबिक दी जाएगी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बारिश की वजह से खरीदी व उठाव प्रभावित

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में हो रहे बारिश से अधिकांश धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी रुक गई है। उठाव पर भी बारिश की वजह से ब्रेक लग गया। हालांकि बदली-बारिश से पहले ही उपार्जन केंद्रों में रखे धान को समितियों ने कैप कव्हर कर रखा है। पिछले महीने हुए असमय हुए बारिश से करोड़ों के धान खराब हो गए थे। इस दौरान कैप कव्हर नहीं होने से ये नुकसान सरकार को उठाना पड़ा था। जिसके लिए 6 जिलों के कलेक्टरों को सरकार ने नोटिस भी दिया था। यही कारण हैं कई कव्हर होने से इस बार बारिश में कम धान भीगे हैं।

राजधानी रायपुर में भी ओमीक्रॉन ने दी दस्तक, मिले एक साथ चार मरीज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में भी मंगलवार को कोरोना के ओमीक्रॉन वैरिएंट ने दस्तक दे दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने एक साथ चार मरीज़ों की पुष्टि किया है। चारों मरीज़ों की जीनोम सिक्रेंसिंग रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद हड़कंप मच गया है। बीते सप्ताह बिलासपुर में ओमीक्रॉन के एक मरीज़ की पुष्टि हुई थी।

छत्तीसगढ़ के एपिडेमिक कंट्रोल विभाग के डाइरेक्टर डॉ. सुभाष मिश्रा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि हमने जिन लोगों के सैंपल जीनोम सिक्रेंसिंग की जांच के लिए ओडिशा के भुवनेश्वर भेजे थे, उनमें चार की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि ये सभी रायपुर के हैं। इनमें से दो की ट्रेवल हिस्ट्री है, वे लोग यूएई से वापस लौटे थे। यहां जांच हुई तो वे

पॉजिटिव पाए गए। उसके बाद उनके नमूनों को जीनोम सिक्रेंसिंग के लिए भेजा गया था। दूसरे दो लोगों की कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। वे लोग यहीं ओमिक्रान संक्रमण की चपेट में आ गए हैं। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि ओमिक्रोन बिना विदेश यात्रा के बगैर भी अपनी चपेट में ले रहा है।

डॉ. सुभाष मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ से 3 हजार 842 मरीजों के सैंपल भुवेनेश्वर भेजे गए थे, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

राजनीति... **बैलेट पेपर से चुनाव कराने राष्ट्रपति से लगाई गुहार, कहा देश के नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का हो रहा हनन**

सीएम भूपेश के पिता ने मांगी 'इच्छामृत्यु' की इजाजत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंद कुमार बघेल ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के स्थान पर मतपत्र से चुनाव कराने की मांग की है तथा ऐसा नहीं होने पर 'इच्छामृत्यु' की अनुमति मांगी है। राष्ट्रीय मतदाता जागृति मंच के अध्यक्ष नंद कुमार बघेल ने राष्ट्रपति को भेजे पत्र में लिखा है कि देश के नागरिकों के सभी संवैधानिक अधिकारों का व्यापक स्तर पर हनन हो रहा है और

लोकतंत्र के तीनों स्तंभ- विधायिका, न्यायपालिका तथा कार्यपालिका ध्वस्त होते जा रहे हैं। मीडिया भी लोकतंत्र के तीनों स्तंभों के इशारे पर कार्य कर रही है, प्रार्थी सहित देश के नागरिकों के अधिकारों के संबंध में कोई सुनने वाला नहीं है।

दूसरे देशों का दिया उदाहरण

बघेल ने पत्र में लिखा है कि निर्वाचन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकतंत्र के सबसे बडे अधिकार का हनन

बघेल ने लिखा है कि लोकतंत्र के सबसे बड़े अधिकार मतदान के अधिकार को ईवीएम मशीन द्वारा कराया जा रहा है। ईवीएम मशीन को किसी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मान्यताप्राप्त संस्था या सरकार ने शत-प्रतिशत शुद्धता से काम करने का प्रमाणपत्र नहीं दिया है। फिर भी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में ईवीएम से मतदान कराकर मेरे वोट के उस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मेरे संवैधानिक अधिकारों की रक्षा नहीं: बघेल

मुख्यमंत्री के पिता ने पत्र में लिखा है कि ऐसी परिस्थितियों में जब उनके सभी अधिकारों का हनन हो रहा है तो उनके जीने का उद्देश्य ही समाप्त होता जा रहा है और भारत का नागरिक होने के नाते उनकी प्रज्ञा उन्हें और जीने की इजाजत नहीं दे रही है। उन्होंने लिखा है, 'माननीय राष्ट्रपति जी आपने संविधान की रक्षा की शपथ ली है, लेकिन मेरे संवैधानिक अधिकारों की रक्षा नहीं हो पा रही है जिसके चलते मेरे पास इच्छामृत्यु के अलावा कोई विकल्प शेष नहीं रहा।' नंद कुमार बघेल ने पत्र में लिखा है कि राष्ट्रपति ईवीएम के स्थान पर मतपत्र एवं मतदान पेटी से चुनाव कराने का आदेश जारी करें और 'यदि ईवीएम के स्थान पर मतपत्र और मत पेटी से मतदान संभव नहीं है तो मुझे इस वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर इच्छामृत्यु की अनुमति प्रदान की जाए।'

कोरोना की चपेट में आई लता मंगेशकर, आईसीयू में भर्ती

मुंबई। देश में एक बार फिर से कोरोना के केस बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में कई बॉलीवुड सेलेब्स भी इसकी चपेट में आ चुके हैं।

इन सेलेब्स की लिस्ट में अब महान गायिका लता मंगेशकर भी शामिल हो गई हैं। मशहूर गायिका लता मंगेशकर को कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उन्हें कोरोना के हल्के लक्षण हैं। मुंबई के कैंडी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बारिश में भीगा खरीदी केंद्रों में लाखों क्विंटल धान, केन्द्र प्रभारियों की बढ़ी परेशानी

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। बेमौसम बारिश के कारण धान खरीदी केन्द्रों में खरीदे गए धान की सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण हजारों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे पड़ा है। धान के खुले में पड़े होने के कारण इसके खराब होने की आशंका है। इस बार प्लास्टिक की बोरियों में भी धान की खरीदी की गई है। उसके नुकसान की संभावना अधिक है। वहीं राज्य सरकार द्वारा 9 से 12 जनवरी तक खरीदी नहीं होने की बात कही गई है। जिसस किसानों से धान नहीं आ रहे है। वहीं बारिश के चलते केन्द्र प्रभारी धान की बोरियां को बचाने मशक्कत कर रहे है। जिला मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में रविवार की शाम व सोमवार और मंगलवार की सुबह हुई बेमौसम बारिश से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। रविवार शाम से ही क्षेत्र में बदली छाई रही। वहीं सोमवार 10 जनवरी की सुबह 4 बजे से शुरू हुई बारिश की झड़ी लगी रही। हवा के साथ बारिश होने से मौसम में

ठण्डकता घुल गई। सुबह 11 बजे तक हल्की बूंदा-बांदी होती रही। राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर जिले में 192 सेवा सहकारी समितियों के 231 केन्द्रों में धान खरीदी की गई है। परिवहन के अभाव में अधिकांश केन्द्रों में धान का उठाव कम हो रहा है।

वहीं आज बेमौसम हुई बारिश के चलते विभिन्ना खरीदी केन्द्रों में पड़े हजारों क्विंटल धान के सड़ने का खतरा मंडरा रहा है। उपार्जन केन्द्रों से मिलरों व संग्रहण केन्द्रों तक किसान के धान के परिवहन करने की जिम्मेदारी विपणन समिति की है। लगातार कलेक्टर द्वारा बैठकों में विपणन अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों में जाम धान को उठाने का निर्देश दिया जा रहा है।

साथ ही खरीदी केन्द्रों में जाम धान की सुरक्षित रखने के निर्देश केन्द्र प्रभारियों को दी जा रही है, बाजवूद इसके स्थिति जस की तस है। शासन द्वारा सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधकों को ड्रेनेज की पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है, मगर इसके बाद भी केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। ऐसे में धान भीगने से शासन को ही नुकसान उठाना होगा। धान खरीदी केन्द्रों में जाम धान को सुरक्षित रखने के निर्देश केन्द्र प्रभारियों को कई बार दिया जा चुका है, बाजवूद इसके स्थिति जस की तस है।

शासन द्वारा सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधकों को ड्रेनेज की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं, मगर इसके बाद भी केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। ऐसे में बारिश से भीगे धान का नुकसान शासन को ही उठाना होगा।

न्यूज गैलरी

छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ लगवाया कोविड-19 का टीका

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिले में संचालित शासकीय तथा अशासकीय हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में

टीकाकरण दल द्वारा 15 से 18 आयु वर्ग के 24 हजार 698 विद्यार्थियों का कोविड-19 टीकाकरण किया गया है। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए टीकाकरण दल द्वारा चिन्हांकित स्वास्थ्य केन्द्रों में भी नागरिकों को टीका लगवाया जा रहा है। विगत दिनों शासकीय, अशासकीय विद्यालयों के 15 से 18 आयु वर्ग के 24 हजार 698 छात्र-छात्राओं ने टीका लगवाया है। जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे ने बताया कि कांकेर जिले में 45 हजार 902 टीकाकरण का लक्ष्य है, जिसे 09 जनवरी तक 53.81 प्रतिशत कोवैक्सीन का टीकाकरण किया गया है। विकासखण्ड अंतागढ़ में 2205 विद्यार्थियों का टीकाकरण किया गया। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर में 2660, चारामा में 4255, दुर्गूकोंदल में 2196, कांकेर में 4259, कोयलीबेड़ा में 5330, नरहरपुर में 3793 विद्यार्थियो का टीकाकरण किया गया। छात्र-छात्राओं ने कोविड टीका लगवाकर टीकाकरण के प्रति भरोसा जताया है।

समाजसेवी संगठन ने झुग्गी झोपड़ियों में बांटे नि:शुल्क मास्क व सेनेटाइजर

कांकेर/नवप्रदेश। कोरोना की तीसरी लहर पूरे देश मे बेकाबू हो रही है। केंद्र व राज्य सरकार संक्रमण को रोकने हर सम्भव प्रयास कर रही।

जिले में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते जनसहयोग समाजसेवी संगठन के प्रमुख अजय पप्पु मोटवानी व उनकी टीम गरीबों की बस्ती में पहुंचकर सोशल डिस्टेंस सहित मास्क लगाने के लोगों को जागरूक कर रहे। बीते दिन शहर के उदय नगर स्थित अटल आवास में जागरूकता अभियान चलाकर मास्क वितरण किया गया था। वहीं अब रोजमर्रा जीवनयापन करने वाले लोगों की बस्ती अघन नगर पहुंचकर सेनेटाइजर व मास्क वितरण कर कोरोना के बचाव के तरीके की जानकारी दी गई। नि:शुल्क मास्क वितरण और जागरूकता अभियान में समाज सेवियों में अजय पप्पू मोटवानी के अलावा जितेंद्र प्रताप देव, करण नेताम, चरण यादव, घनश्याम मोटवानी, प्रमोद सिंह ठाकुर, सदा साहू, सागर देव, चंद्रशेखर देव, धर्मेंद्र प्रताप देव, दिनेश मोटवानी, बहादुर सिंह निषाद शामिल रहे।

हिम्मत आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र पहुंचे कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह व सीईओ जिला पंचायत राहुल देव ने प्रशासन व पुलिस विभाग के हिम्मत आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र पहुंचकर चल रहे निर्माण कार्य, रंग-रोगन व सौदन्यीकरण कार्यो का

जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भवन के सामने स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र जो जर्जर हालत में है उसे मरम्मत कराकर हिम्मत कार्यक्रम का मुख्य आफि स बनाने एवं प्रशिक्षकों के ठहरने की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए साथ ही पास में स्थित पिलखा क्षीर मिल्क सेन्टर को अन्यत्र उचित स्थान पर स्थानान्तरित करने अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं तिलसिवा में बनाए जा रहे जिला लाइब्रेरी एवं कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। नगर के तिलसिवा में छात्रों को सुविधा उपलब्ध कराने, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए पर्याप्त मात्रा में बुक उपलब्ध कराने के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए दूरस्थ क्षेत्र के छात्राओं को छात्रावास में रहकर पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कन्या छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी के प्रत्येक आवश्यक सामग्री को अपडेट करने एवं पुस्तकों को लाइब्रेरी में व्यवस्थित रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम करेंगे ध्वजारोहण, लेंगे सलामी

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में गतवर्ष की तरह ही गणतंत्र दिवस गरिमापूर्ण और सम्मान के साथ कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मनाया जाएगा। जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर कोरबा जिले में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम सीएसईबी फुटबाल ग्राउंड पर आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में ध्वजारोहण करेंगे और सलामी लेंगे। मुख्य अतिथि डॉ. टेकाम द्वारा मुख्यमंत्री के छत्तीसगढ़ वासियों के लिए प्रेषित संदेश का वाचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियों सहित कोरोना वारियर्स डॉक्टरों, पुलिस कर्मियों, स्वास्थ्य कर्मियों एवं स्वच्छता कर्मियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर रानू साहू ने सभी विभागीय अधिकारियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय कार्यालयों व मुख्य समारोह में राष्ट्र ध्वज संहिता का पालन करते हुए पूरी गरिमा और सम्मान के साथ राष्ट्रध्वज फहराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गणतंत्र दिवस पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी शासकीय संस्थाओं में सुबह सात बजे ध्वजारोहण किया जाएगा।

एक्सिस म्यूचुअल फंड ने 'एक्सिस सीपीएसई प्लस एसडीएल 2025 70:30 डेट इंडेक्स फंड' लॉन्च किया

मुंबई/नवप्रदेश। एक्सिस म्यूचुअल फंड, जोभारत में सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउसों में से एक है, ने अपने नए फंड ऑफर - 'एक्सिस सीपीएसई प्लस एसडीएल 2025 70:30 डेट इंडेक्स फंड' के लॉन्च की घोषणा की। यह एक टारगेट मैच्योरिटी इंडेक्स फंड है जिसकी बेंचमार्क मैच्योरिटी की तारीख 30 अप्रैल, 2025 है। नया फंड क्रिसिल आईबीएक्स 70:30 सीपीएसई प्लस एसडीएल - अप्रैल 2025 बेंचमार्क को ट्रैक करेगा और पोर्टफोलियो को विशेष रूप से एएए रेटेड केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और एसओवी-रेटेड एसडीएल प्रतिभूतियों में मुख्य रूप से निवेश करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह योजना ऐसे रिटर्न प्रदान करने का प्रयास करती है जो अंतर्निहित सूचकांक द्वारा दर्शाए गए प्रतिभूतियों के कुल रिटर्न के साथ निकटता से मेल खाते हों। क्रिसिल आईबीएक्स 70:30 सीपीएसई प्लस एसडीएल - अप्रैल 2025 इंडेक्स में इंडेक्स की आधार तिथि के अनुसार 2 घटक होते हैं जिन्हें हर तिमाही में पुनर्संतुलित किया जाता है।एएए रेटेड सीपीएसई के घटक (70त्र): सीपीएसई के लिए पात्र अवधि में परिपक्व होने वाली प्रतिभूतियों के तरलता स्कोर के आधार पर, शीर्ष 7 सीपीएसई जारीकर्ताओं का चयन सूचकांक की स्थापना के समय किया जाएगा।

यह लॉन्च डेट निवेशकों के लिए निष्क्रिय निवेश की सुविधा प्रदान करेगा, जिसमें उन्हें एक ऐसा फंड दिया जाएगा, जिसकी अवधि तीन साल के करीब होगी, जिससे वे कम अवधि की रणनीतियों का लाभ उठा सकेंगे।

टारगेट मैच्योरिटी इंडेक्स फंड एक निर्धारित निवेश अवधि वाले निवेशकों के लिए एक आदर्श समाधान है।

फंड के जीवन भर निवेशित रहने वाले निवेशकों के लिए किसी भी अवधि के जोखिम को नकारने के उद्देश्य से, वे मुख्य निश्चित आय पोर्टफोलियो बनाने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। यह लॉन्च इस सेगमेंट को निवेशकों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए एक आकर्षक प्रस्ताव बनाने की दिशा में एक और कदम है। एनएफओ के लॉन्च पर, एक्सिस एएमसी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, चंद्रेश निगम ने कहा, ÷एक ऐसे फंड हाउस के रूप में जो गुणवत्तापूर्ण संपत्तियों में 'जिम्मेदार निवेश' की अपनी विचारधारा में गहराई से निहित है, हमारा लक्ष्य निवेशकों के लिए अच्छे समाधान प्रदान करना है। एक्सिस सीपीएसई प्लस एसडीएल 2025 70:30 डेट इंडेक्स फंड' का लॉन्च समय के साथ हमारे निष्क्रिय उत्पाद सूट को मजबूत करने के हमारे प्रयास के अनुरूप है। निवेशकों को निष्क्रिय स्थान के भीतर एक आकर्षक ऋण रणनीति की पेशकश करके, हम ऐसे मजबूत उत्पाद पेश करना चाहते हैं जो वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिक हों।

फंड की शीर्ष विशेषताओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

अवसरः तीन साल की अवधि में यील्ड में 100 बीपीएस से ज्यादा की बढ़ोतरी देखी गई है

कोर आवंटनः तीन साल की निवेश अवधि के साथ निवेश करने के इच्छुक निवेशकों के लिए आदर्श समाधान

पोर्टफोलियो मेकेनिक्सः अपने मूल निश्चित आय पोर्टफोलियो का निर्माण करने के इच्छुक निवेशकों के लिए कम लागत का परेशानी मुक्त समाधान

सरल और आसानः लक्ष्य परिपक्वता और उच्च गुणवत्ता वाले पोर्टफोलियो को इंडेक्सेशन के लाभ के साथ जोड़ा गया

न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) सब्सक्रिप्शन के लिए 10 जनवरी से 20 जनवरी 2022 तक खुला है।

विस्तृत परिसंपत्ति आवंटन और निवेश रणनीति के लिए, कृपया योजना सूचना दस्तावेज देखें।

विधायक के साथ पहुंचे सरपंच संघ के सदस्य पहुंचे कलेक्टोरेट

जांजगीर चाम्पा/नवप्रदेश। जिले मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गाइडलाइन को दरकिनार कर शासन प्रशासन के द्वारा काम कराया जा रहा है। इस बात की शिकायत लेकर आज सरपंच संघ के सदस्य विधायक के साथ कलेक्टर के पास पहुंचे और ज्ञापन में माध्यम से कलेक्टर को अपनी शिकायत दर्ज कराई। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 20 रुपए से 50 लाख रु तक के निर्माण कार्य की एजेंसी ग्राम पंचायतों को बनाने की घोषणा की थी लेकिन जिला खनिज संस्थान द्वारा स्वीकृत स्ट्रीट लाइट स्थापना, यात्री प्रतीक्षालय निर्माण, हैंडपंप खनन और ऐसे दर्जनों अन्य कार्य सीधे ठेकेदारों को दिए जा रहे हैं

जिस कारण से ग्राम पंचायत अपने अधिकार से वंचित हो रहा है। निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार के द्वारा पंचायतों एवं जनप्रतिनिधियों को जानकारी दिए बिना ही कार्य पूर्ण कर लिया जाता है जिसकी वजह से पंचायतों में गुणवत्ताहीन काम हो रहा है। जैजैपुर विधायक केशव चंद्रा के साथ पहुंचे सरपंच संघ के लोगों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि 50 लाख रु से कम की राशि का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाकर कराया जाए ताकि गुणवत्ता युक्त कार्य हो सके साथ ही स्वीकृत कार्यों की सूची भी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने की मांग प्रतिनिधि मंडल ने की है।

राज्य सूचना आयोग में प्रकरणों की सुनवाई वीडियो कान्फ्रेंसिंग से

■ आयोग को अपना जवाब ई-मेल, व्हाट्सअप और फैक्स से भेंज सकते हैं

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील और शिकायत के प्रकरणों की सुनवाई वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों के द्वारा की जा रही है। कोविड-19 के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील और शिकायत के प्रकरणों की सुनवाई के लिए अपीलार्थी/शिकायतकर्ता और प्रथम अपीलीय अधिकारी सहित बाहरी व्यक्तियों की उपस्थिति छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में पूर्ण प्रतिबंधित की गई है। द्वितीय अपील और शिकायत के प्रकरणों की सुनवाई वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से की जा रही है। अपीलार्थी और जनसूचना अधिकारी अपने जिले के कलेक्टोरेट स्थित एन0 आई0सी0 (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र) के वीडियो कक्ष में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं और आयोग को अपना जवाब ई-मेल, व्हाट्सअप और फैक्स से भेंज सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग को अपना जवाब ई-मेल 222.ह्यद्बष्द्.द्दश्1.द्बठ्ठ फैक्स नम्बर 0771-2512102, व्हाट्सअप नम्बर 9425502363 पर भेंज सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील और शिकायत के प्रकरणों की जानकारी और सुनवाई की तिथि छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के वेबसाइट 222.ह्यद्बष्द्.द्दश्1.द्बठ्ठ के लिंक में अपीलार्थी, शिकायतकर्ता का नाम प्रकरण क्रमांक और मोबाइल नम्बर दर्जकर प्रकरण की अद्यतन जानकारी हासिल की जा सकती है। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील और शिकायत के नए प्रकरणों की जानकारी भी आयोग के वेबसाइट 222.ह्यद्बष्द्.द्दश्1.द्बठ्ठ के लिंक में अपीलार्थी, शिकायतकर्ता का नाम और मोबाइल नम्बर दर्जकर प्रकरण की सुनवाई की तिथि की जानकारी हासिल कर सकते हैं।

6.89 करोड़ की लागत से बन रहा एनीकट 260 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड के ग्राम नेतनागर के समीप गुजरता हुआ केलो नदी आसपास के गांव नवापाली, बिंजकोट, एकताल, रेंगालपाली सहित अन्य ग्रामों को सीचती हुई उड़ीसा में महानदी में जाकर मिलती है। छत्तीसगढ़ के पूर्वांचल के कृषकों को कृषि आवश्यकतानुसार नियमित रूप से उद्वहन सिंचाई द्वारा जल प्रदाय एवं निस्तारी किए जाने तथा किसानों की सुविधा के लिए ग्राम नेतनागर एवं एकताल के मध्य केलो नदी पर एनीकट बनने जा रहा है। जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुवली 14 जून 2021 को आयोजित कार्यक्रम में शिलान्यास किया था। एनीकट निर्माण के लिए निविदा की प्रक्रिया पूरी कर बीते 29 दिसम्बर को निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार से अनुबंध कर लिया गया है।

यह एनीकट 6 करोड़ 89 लाख रुपये की लागत से 11 माह में तैयार किए जाने की कार्ययोजना है। इस एनीकट के बन जाने से करीब 260 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी।

यह नेतनागर एनीकट योजना निर्मित हो जाने के पश्चात जिले के पूर्वी क्षेत्र के जनजीवन की आवश्यकताओं को पूर्ति करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ क्षेत्र के कृषि क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता का विकास किया जाना संभव होगा। चूंकि यह एनीकट कम काजवे है, जिसके निर्माण से ग्रामीणजन सुलभता से एक दूसरे के गांवों को कम समय में आवागमन की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।

पहले दिन 1,940 लोगों ने लगवायी प्रिकॉशन डोज

रायगढ़/नवप्रदेश। कोविड संक्रमण से सुरक्षा के मद्देनजर फ्रंटलाइन, हेल्थ वर्कर्स तथा को-मॉर्बिड व्यक्तियों के लिए कोविड टीके की प्रिकॉशन डोज लगाने की आज जिले में शुरूआत हुई है। टीकाकरण के इस चरण में ऐसे सभी फ्रंटलाइन वर्कर, हेल्थ वर्कर व 60 वर्ष से अधिक उम्र के कोमोर्बिड व्यक्ति जिनका प्रथम एवं द्वितीय चरण का टीकाकरण हुए 9 माह पूरे हो चुके है, को टीका लगाया जा रहा है। प्रिकॉशन डोज टीकाकरण के पहले दिन जिले में 01 हजार 940 लोगों ने टीका लगवाया। कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन में सीएमएचओ डॉ. एसएन केशरी ने टीकाकरण केन्द्रों का मुआयना किया और प्रिकॉशन डोज के लिए पहुंचे लोगों से बात की। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण अत्यधिक महत्वपूर्ण है इसलिए नियत तिथि में टीकाकरण अवश्य कराएं, साथ ही दूसरे पात्र लोगों को भी टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि रायगढ़ शहर के साथ पूरे जिले में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के प्रिकॉशन डोज लगाने के लिए टीकाकरण केन्द्र बनाए गए है।

उन्होंने बताया कि व्यक्ति को पहले कोविशील्ड या कोवैक्सिन में से जिस टीके की दोनों खुराक लगी होगी उसी टीके का डोज ही लगेगा। इसके अतिरिक्त टीकाकरण की जानकारी के लिये नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में भी संपर्क किया जा सकता है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीपी पटेल से मिले आंकड़ों अनुसार शाम 5.30 बजे तक जिले में 01 हजार 940 लोगों को पहले दिन प्रिकॉशन डोज लगाया गया। जिसमें विकासखण्डवार घरघोड़ा में 130, सारंगढ़ में 330, बरमकेला में 387, खरसिया में 199, तमनार में 205, लोईंग में 115, पुसौर में 214, धरमजयगढ़ में 124, लैलूंगा में 12 और रायगढ़ शहरी में 224 लोगों को प्रिकॉशन डोज लगाया गया।

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने की जिले के समस्त नागरिकों से अपील

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले के समस्त हेल्थ केयर वर्कर और फ्रंटलाईन वर्कर सहित 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को लगाया जाने वाला एहतियाती डोज आरम्भ हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह के साथ जिला चिकित्सालय सूरजपुर के चिकित्सक एवं अन्य अस्पताल कर्मचारियों ने भी एहतियाती डोज लगवाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्रदेश सहित जिला में भी चिकित्सा स्टॉफ, फ्रंटलाइन वर्कर और 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों को कोरोना से बचाव के लिए तीसरी डोज दी जा रही है, जिसे बुस्टर डोज कहा गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ. अजय मरकाम ने बताया कि इस श्रेणी में आने वाले ऐसे व्यक्ति जिनकी दोनों डोज पूर्ण हो चुका है यथा उनको 09 महिने या 32 सप्ताह बीत चुके है, वे लोग इसे लगवा सकते है। इसके लिए चयनित हितग्राही ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट कर सकते है अथवा टीकाकरण साइट पर जाकर सीधे टीका लगवा सकते है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों से किसी प्रकार का कोई सर्टिफिकेट नहीं लेना है, किन्तु चिकित्सक से सलाह लेना अनिवार्य है।

दोनों टीका लगवाने वालों को ही बूस्टर डोज : जिन लोगों ने पहला और दूसरा डोज लगवाया है उन्हें ही यह डोज लगेगा, इसके लिए व्यक्ति अपनी पहली, दूसरी डोज के समय उपयोग किए गए आईडी प्रूफ का उपयोग करेगें। जिन हितग्राहियों को को-वैक्सीन का टीका लगा है, उन्हें बूस्टर डोज में को-वैक्सीन का ही टीका लगाया जायेगा। साथ ही जिनको कोविशील्ड का टीका लगाया गया है, उन्हें बूस्टर डोज का टीका कोविशील्ड का ही लगेगा। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से अपील की गई है, की संबंधित हितग्राही जिन्हें बूस्टर डोज लगना है वह तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर बूस्टर डोज लगवाये।

सक्ती थाना में कोरोना ब्लास्ट, टीआई समेत 7 पॉजिटिव

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। सक्ती थाने में कोरोना ब्लास्ट हुआ है। थाने के 7 स्टाफकी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। थाना प्रभारी भी तबीयत बिगड़ने के बाद छुट्टी में चले गए है। कोरोना जांच के बाद रिपोर्ट निगेटिव आई है। जिले में आज 190 नए मरीजों की पहचान हुई है। जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 767 है।

बंधक बनाकर नाबालिक से अनाचार करने वाले आरोपी को 20 वर्ष की सजा

जांजगीर-चांपा। जिले में 15 वर्षीय नाबालिक को बंधक बनाकर अनाचारी करने वाले आरोपी को विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो के द्वारा 20 वर्ष का सश्रम कारावास और 5 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया है। विशेष लोक अभियोजक चंद्र प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 वर्षीय पीड़िता दिनांक 19 अक्टूबर को रात्रि 10

बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई थी जिसका पड़ताल करने पर वह नहीं मिली परिजनों के द्वारा 23 अक्टूबर 2020 को इस बात की सूचना शिवरीनारायण थाने में दर्ज कराई गई और यह भी बताया गया कि जिस युवक पर संदेह है वह लड़का भी उसी दिन से गांव से नदारद है। रिपोर्ट के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी पुलिस को यह जानकारी मिलेगी आरोपी के द्वारा नाबालिक को कोरबा में रखा गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम 7 दिसंबर 2020 को अभियुक्त के कब्जे से पीड़िता को छुड़ाकर लाई आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस मामले में प्रकरण की सुनवाई करते हुए आरोपी शुभम चौहान पिता दूज राम चौहान 19 वर्ष निवासी ग्राम राहुल थाना शिवरीनारायण को आईपीसी की धारा 363 के अपराध के लिए 3 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 500 अर्थदंड, धारा 366 के अपराध के लिए 5 वर्ष का कारावास और 1000 के अर्थदंड तथा धारा 376 (2) (ढ), 376 (3) एवं धारा 6 पॉक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000 के अर्थदंड से दंडित किया गया है आरोपी के द्वारा अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर उसे अतिरिक्त सश्रम कारावास दिए जाने का आदेश भी विशेष न्यायाधीश 500 खिलावन राम रिगरी ने दिया है।

सांसद सोनी और राज्य टीकाकरण अधिकारी ने लगवाया प्रिकॉशन डोज

■ **जिले में है लगभग 42,911 फ्रंट लाइन वर्कर, हेल्थ केयर वर्कर और 60 प्लस लोग**

रायपुर/नवप्रदेश। कोविड-19 संक्रमण को रोकने और तीसरी लहर के बीच प्रदेश में कोरोना से बचाव के लिए 10 जनवरी से फ्रंटलाइन वर्कर्स का टीकाकरण शुरू हो गया है। रायपुर सांसद सुनील सोनी और राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीआर भगत ने शहीद स्मारक भवन में चल रहे टीकाकरण केंद्र पर पहुंचकर बूस्टर डोज या प्रिकॉशन डोज लगवा कर टीकाकरण इस अभियान की शुरुआत की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के मीडिया प्रभारी गजेंद्र डोंगरे ने बताया, ÷जिले में आज से राज्य में बूस्टर डोज या प्रिकॉशन डोज टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गयी है जिसमें फ्रंट लाइन वर्कर और 60 प्लस के लोगों को बूस्टर डोज या प्रिकॉशन डोज लगाया जा रहा है। जिले में लगभग 14,233 फ्रंट लाइन वर्कर , 23,147 हेल्थ केयर वर्कर और लगभग 5,611 लोग 60 प्लस के लोग हैं। कुल लक्ष्य 42,991 यह सभी आंकड़े 12 अप्रेल 2021 के आधार पर है ।10 जनवरी को जिले में 42,991 लोग बूस्टर डोज के लिए पात्र हैं। इसमें फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60 प्लस के लोग भी शामिल हैं। यह सभी कोविड वैक्सीन की दूसरी डोज को लगवाने के बाद 9 माह का समय पूरा कर चुके हैं। इसके बाद कल से जैसे जैसे इनकी संख्या बढ़ती जाएगी, सभी को बूस्टर डोज लगता जाएगा। फ्रंटलाइन वर्कर्स, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिक निगम,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, प्रेस एवं बैंक कर्मचारियों और 60 प्लस के लोगों को भी वैक्सीन का बूस्टर (प्रिकॉशन) डोज लगाने के लिए जिला प्रशासन, निगम प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर पूरी तैयारी कर ली है।''

नए रजिस्ट्रेशन की जरूरत नहीं

बूस्टर डोज के लिए को-विन ऐप पर नए रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी नहीं है। टीकाकरण केन्द्र में बूस्टर डोज के पात्र लोगों को सेंटर में जाने के बाद उन्हें आधार कार्ड या सेकंड डोज का सर्टिफिक्रेट दिखाने पर बूस्टर डोज लगाया जाएगा।

वैक्सीनेशन के बाद भी सावधानी आवश्यक

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीरा बघेल ने लोगों से अपील की है कि सभी पात्र लोग जल्द से जल्द कोविड वैक्सीन अपने नजदीकी कोविड वैक्सीनेशन सेंटर में लगवा लें।

साथ ही कहा है कि चाहे किसी को कोविड की पहली डोज, दूसरी डोज या बूस्टर डोज ही क्यों न लग जाए, वह कोविड गाइडलाइन का पालन करना न भूले।

घर से बाहर मास्क लगाकर ही निकलें। शारीरिक दूरी का पालन करें और अपने हाथों को बार-बार सेनेटाइज करते रहें। घर में बच्चों और बुजुर्गों का भी विशेष रूप से ध्यान दें।

नीलाभ उद्यान परिसर में मनाई जाएगी स्वामी विवेकानंद जयंती

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम संस्कृति विभाग द्वारा युवाओं के आध्यात्मिक प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयन्ती 12 जनवरी को मनाई जाएगी। स्वामी विवेकानंद की जयन्ती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन नगर निगम संस्कृति विभाग प्रातः 10.30 बजे स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब के मध्य स्थित नीलाभ उद्यान परिसर स्थित उनकी विशालकाय ध्यानमग्न मूर्ति के स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के प्रभारी अधिकारी एवं प्रभारी अधीक्षण अभियन्ता हेमंत शर्मा ने दी।

■ न्यूज गैलरी

विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने विवेकानन्द जी के जयंती पर किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती, युवा दिवस के अवसर पर उनके कृत्यों को याद करते हुए किया नमन। डॉ महंत ने कहा, स्वामी विवेकानंद आधुनिक भारत के एक महान् चिंतक, महान् देशभक्त, दार्शनिक, युवा संन्यासी, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और एक आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे। भारतीय नवजागरण का अग्रदूत यदि स्वामी विवेकानंद को कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। 'विवेकानंद' दो शब्दों द्वारा बना है। विवेक आनंद। 'विवेक' संस्कृत मूल का शब्द है। 'विवेक' का अर्थ होता है बुद्धि और 'आनंद' का शाब्दिक अर्थ होता है - खुशियां। डॉ महंत ने कहा, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद ने युवाओं का आह्वान करते हुए कठोपनिषद का एक मंत्र कहा था- 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।' 'उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक कि अपने लक्ष्य तक न पहुंच जाओ। भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नई जान फूंकने वाले स्वामी विवेकानंद ने भारतीय युवाओं में स्वाभिमान को जगाया और उम्मीद की नई किरण पैदा की। भारतीय युवा और देशवासी भारतीय नवजागरण के अग्रदूत स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके विचार प्रेरणादायी है।

आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया के लिए ब्रांड रणनीति में सहयोग करेगा इंटरब्रांड

रायपुर/नवप्रदेश। इंटरब्रांड जो कि एक प्रमुख ब्रांड परामर्श फर्म है, अब आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) (दो वैश्विक स्टील कंपनियों आर्सेलर मित्तल और निप्पॉन स्टील का एक संयुक्त उद्यम) की ब्रांड स्ट्रेटेजी निर्माण के लिए काम करेगा. इंटरब्रांड इंडिया के प्रबंध निदेशक आशीष मिश्रा ने कहा, ÷हम एएमएनएस इंडिया जैसी बेहतरीन ब्रांड के साथ जुड़कर बहुत उत्साहित हैं। एएम/एनएस इंडिया उद्योग के दो सर्वश्रेष्ठ वैश्विक दिग्गजों को हमारे देश में ला रहा है. साथ ही कंपनी यह भी समझती है कि इंटरब्रांड कैसे एक आंतरिक और बाहरी दोनों तरह से मजबूत ब्रांड विकसित करके व्यवसाय के लिए वास्तविक मूल्य बनाने में विश्वास करता है। आशीष मिश्रा ने आगे कहा कि, ये स्ट्रेटेजी कि एक ब्रांड सिर्फ आकर्षक संदेशों के जरिए अपने उपभोक्ताओं से जुड़े बल्कि साथ ही अपने हितधारकों की जरूरत को समझे और उसे पूरा करने के लिए जरुरी कदम उठाए, यह एक ब्रांड को विकसित करने का अच्छा तरीका है , और एएम /एनएस इंडिया हमारे साथ उस दृष्टिकोण को देखने में सक्षम है, इंटरब्रांड जैसी कंपनी के साथ जुड़कर हम काफी उत्साहित है, यह हमें अपने ब्रांड को विकास के अगले चरण के लिए तैयार करने में मदद करेगा. इंटरब्रांड में हमने ब्रांड डेवलपमेंट के सबसे नवीन और अग्रणी विशेषज्ञों में से एक को देखा है, और यह हमें अपनी व्यावसायिक महत्वाकांक्षाओं के समान एक ब्रांड बनाने में मदद करेगा, ÷बिबेक चट्टोपाध्याय - एएम / एनएस इंडिया कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस प्रमुख एक प्रमुख स्टील कंपनीके रूप में, एएम/एनएस इंडिया ने भविष्य में पूरे भारत में अपने विस्तार के लिए उच्च व्यावसायिक महत्वाकांक्षाएं निर्धारित की हैं . बता दें कि अभी भी कंपनी अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप स्टील्स की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है।

भारतीय जीवन बीमा निगम में विश्व हिन्दी दिवस का हुआ आयोजन

भोपाल/नवप्रदेश। भारतीय जीवन बीमा निगम के मध्य क्षेत्रीय कार्यालय में 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मध्य क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी/ कर्मचारियों ने बडे ही उत्साह के साथ भागीदारी की। कार्यक्रम के अध्यक्ष भारतीय जीवन बीमा निगम मध्य क्षेत्र के प्रादेशिक प्रबंधक (विपणन) श्रवण कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम में हिंदी के कार्य को महत्व देते हुए किया जाता है और अपने ग्राहकों से संवाद भी हिंदी में किया जाता है जिससे ग्राहक को सहज, सरल हिंदी में जानकारी प्राप्त हो रही है और वे लाभांवित हो रहे हैं। मानव संसाधन विकास विभाग के प्रादेशिक प्रबंधक श्री सत्यजीत सिंह यादव ने निगम के मध्य क्षेत्र में हिंदी कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होने बताया कि निगम के ज्ञानपीठ मॉड्यूल में प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ की तीन हिंदी के प्रश्नपत्र हैं और इस बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध है जिसे निगम कर्मी बड़े ही उत्साह के साथ पढ़कर लाभांवित हो रहे हैं हैं। राजभाषा अधिकारी चंद्रशेखर तापी ने आयोजन की महत्ता को बताते हुए कहा कि आज हिंदी केवल देश में ही नही अपितु विश्व में कई देशों में लोकप्रियता प्राप्त कर रही है। हिंदी में कार्य करने के लिये विश्व में कई देश उत्सुक हैं इसका मुख्य कारण यह विपणन और संवाद के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक/बीमा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भोपाल के सचिव संजय लाम्बा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम में हिंदी का कार्य बहुत ही अच्छा हो रहा है और यह कार्य उत्साह के साथ किया जा रहा है यह अत्यंत गौरवास्पद है।

राष्ट्रीय महिला आयोग 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए प्रधानमंत्री और केंद्र को भेजे पत्र: डॉ. नायक

जरूरतमंद और पीड़ित महिलाओं के पुनर्वास एवं मुआवजा विषय पर डॉ किरणमयी नायक ने किया दूसरे दिवस के तकनीकी सत्र का संचालन

रायपुर/नवप्रदेश। धर्मशाला हिमाचल प्रदेश में विगत 7 और 8 जनवरी को 2 दिवसीय राष्ट्रीय महिला आयोग एवं अन्य राज्यों के महिला आयोग के मध्य इंटरेक्टिव बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र में घरेलू हिंसा में महिलाओं की सहायता, कानून में संशोधन और पुनर्वास विषय पर छत्तीसगढ़ में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दिया गया। जिसमें यह बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के द्वारा निरन्तर न्यायालयीन जनसुनवाई किये जाने के साथ ही महिलाओं की प्रताड़ना के विषय मे त्वरित कार्यवाही किया जा रहा है। पीड़ित महिलाओं के रहवास और पुनर्वास के संबंध में भी त्वरित कार्यवाही किया जाता है। एक वर्ष में लगभग 1500 से अधिक प्रकरणों की सुनवाई तथा 500 से अधिक प्रकरणों का निराकरण के साथ 100 प्रकरणों पर नियमित निगरानी आयोग द्वारा किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में किये जा रहे कार्यों की सराहना सभी राज्य महिला आयोगों ने किया है। दूसरे दिन 8 जनवरी के सत्र में 6 राज्यों के आयोग अध्यक्षों के द्वारा पीड़ित महिलाओं के पुनर्वास और सहायता विषय पर अपने अपने राज्यों में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा किया गया। इस पूरे सत्र का संचालन डॉ. नायक के द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया।

इसी सत्र में अन्य विषय प्राजनीति में आने वाली महिलाओं के ऊपर समस्या और उसमें किये जा रहे कार्यों पर आयोग के क्या विचार हैं, इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा के बाद यह निर्णय आया कि महिलाओं को सशक्त करने के लिए विधानसभा और संसद में 33 प्रतिशत् आरक्षण अनिवार्य किये जाने बाबत सहमति केन्द्रीय स्तर पर प्रस्ताव बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। पैनल डिस्कशन में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ नायक ने अपने विचार रखे जिसमें राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष, प्रधानमंत्री, लोकसभा तथा राज्यसभा के स्पीकर को एक पत्र भेजे की समस्त महिला आयोग की यह मांग है कि, पूरे भारत मे संसद और प्रत्येक राज्य के विधानसभा में 33 प्रतिशत् महिला आरक्षण का बिल विगत 8 वर्षों से लंबित है उसे तत्काल पास कर लागू कराए जाना चाहिए।

सरकार पुलिसकर्मियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील: कांग्रेस

■ **पुलिस की चिंता का ढोंग न करें नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार पुलिस के जवानों और पुलिस परिवारों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर पुलिस जवानों की समस्याओं के निराकरण के लिये उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी पुलिस की समस्याओं के निराकरण के सुझाव देगी। पुलिस परिवार के लोगों को आंदोलन की बजाय धैर्य रख कर कमेटी के सुझाव आने का इंतजार करना चाहिये। कांग्रेस सरकार राज्य के जन-जन और पुलिस सहित सभी विभागों के कर्मचारियों के कल्याण के लिए लगातार कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 4 हजार सहायक आरक्षकों को आरक्षक के पद पर पदोन्नति और वेतन भत्ते में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव डीजीपी को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा आरक्षक से एएसआई के पद पर प्रमोशन, सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर के पद पर प्रमोशन, इंस्पेक्टर से डीएसपी और सीएसपी से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है। पुलिस को साप्ताहिक अवकाश, रिस्पांश भत्ता दिया जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार का मानना है पुलिस प्रशासन सरकार की रीढ़ की हड्डी है। पिछले 15 सालों में इनकी समस्याओं के निदान तरफ से पूर्ववर्ती सरकार को जो कदम उठाने थे नहीं उठाये गये। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार पूरी गंभीरता के साथ पुलिसकर्मियों के शारीरिक, मानसिक और आर्थिक उत्थान के लिए काम कर रही है। स्पंदन कार्यक्रम के जरिये उन्हें योगा सहित फिटनेस के लिए अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के पुलिस के तनाव संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि पन्द्रह साल तक भाजपा की सरकार थी तब कौशिक को पुलिस परिवार की याद नहीं आई। देश में भूपेश बघेल सरकार अकेली ऐसी सरकार है जो अपने राज्य के पुलिसकर्मियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है तथा उनके निराकरण के लिये ठोस कदम उठा रही है। भाजपा के राज में पुलिस तनाव की चरम अवस्था में थी, भाजपा द्वारा पैदा किये गए अराजक तत्वों के आगे पुलिस विवश थी, उसके हाथ बंधे हुए थे, कोई सुविधा उपलब्ध नहीं थी। पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश नहीं मिलता था, वे लगातार उत्पीड़न का शिकार होकर बेहद तनाव में जी रहे थे जिसका असर उनके काम तथा परिवार पर पड़ रहा था। भूपेश बघेल सरकार ने पुलिसकर्मियों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए पुलिसकर्मियों के लिए साप्ताहिक अवकाश घोषित किया है इसके बावजूद नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक पुलिस का मनोबल गिराने की घृणित कोशिश कर रहे हैं।

कौशिक ने ऑक्सीजन प्लांटों के रखरखाव पर राज्य सरकार पर झूठे आरोप लगाया था: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मेडिकल कालेजों और जिला अस्पतालों में लगाये गये ऑक्सीजन प्लांटों के रखरखाव नहीं होने के नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के आरोपों को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भ्रामक और मनगढंत बताया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इन आरोपों का खंडन किया है। उसने इस दावे को गलत और भ्रामक बताया है कि पीएमकेयर्स के माध्यम से छत्तीसगढ़ में स्थापित पीएसए संयंत्रों का उचित रखरखाव नहीं किया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि पीएसए संयंत्र के 1000 घंटे चलने के बाद पीएसए संयंत्रों में चिकित्सा स्तर की ऑक्सीजन का उत्पादन करने के लिए अवशोषक खनिज सामग्री (जिओलाइट) को बदलने की जरूरत होती है। उद्योग के नियमों के अनुसार जिओलाइट के उपयोग की अवधि 3-5 साल होती है और इसके बाद ही बदला जाना चाहिए। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है जब नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने राज्य सरकार की छवि को धूमिल करने के लिए झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगाए हो इसके पहले भी कोरोना महामारी के दूसरी लहर के दौरान धरमलाल कौशिक ने राज्य सरकार पर पीएम केयर फंड से घटिया क्वालिटी के वेंटिलेटर खरीदने का झूठा आरोप लगाया गया था जबकि राज्य सरकार ने पीएम केयर फंड से कोई वेंटिलेटर की खरीदी नहीं की थी।

मिर्च डालकर नकदी लूटने वाले 3 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। न्यू राजेन्द्र थाना क्षेत्र में मिर्च पावडर डालकर नकदी रकम लूटने वाले 3 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। 4 जनवरी को करीबन शाम 6 बजे ऑफिस बंद होने के बाद अपने स्कूटी से अपने घर जाने के लिए कैशियर निकला था तथा हनुमान मंदिर के पीछे शमशान घाट रोड पुरैना पास पहुंचा था। इसी दौरान प्रार्थी के वाहन के पीछे से एक मोटर सायकल अचानक से गुजरा और उसमें सवार लड़के ऊपर मिर्ची पावडर डाल दिए, जिस पर प्रार्थी अपनी स्कूटी रोक कर हाथ साफ करने लगा उसी समय मोटर सायकल से उतरकर दो लडके प्रार्थी के पास आकर उसके हाथ में रखें बैग जिसमें नगदी रकम 27 हजार, ऑफिस की चाबी, कैश बुक का पन्ना एवं बैंक का पास बुक था को लूट कर भाग गये। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने घटना स्थल व उसके आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेजों को खंगालने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाये मुखाबीर से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने आरोपी महेश नायक, रोशन जाल एवं गोकुल जाल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की नगदी रकम 65 सौ रूपए, बैग एवं प्रार्थी का आधार कार्ड जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही की गई।

पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री की पुण्यतिथि पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विस अध्यक्ष ने किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। स्वतंत्र भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का आज 56 वी पुण्यतिथि पर देश सहित प्रदेश में उन्हें याद किया गया। राज्यपाल अनुसुइया उइके, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है।राज्यपाल अनुसुइया उइके ने शास्त्री को भारतरत्न स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। राज्यपाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं 'जय जवान जय किसान' के प्रणेता भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी को पुण्यतिथि पर सादर नमन। उनका सादगीपूर्ण जीवन एवं उच्च नैतिक मूल्य हम सभी के लिए सदैव प्रेरक आदर्श रहेंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम भी उपस्थित थे । मुख्यमंत्री बघेल ने पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अतुल्य योगदान दिया। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महत्वपूर्ण आन्दोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही और इसके कारण उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा। उनके जय जवान-जय किसान के नारे ने जवानों के बलिदान के साथ अन्नदाता किसानों की मेहनत को भी सम्मान दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शास्त्री जी ने अपना पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया, उनके जीवन मूल्य हमेशा सब को प्रेरित करते रहेंगे। जय जवान, जय किसान का उद्घोषक देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री, ÷भारतरत्न÷ श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि !

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर उन्हें स्मरण करते हुए नमन किया।स्पीकर डॉ महंत ने कहा लाल बहादुर शास्त्री एक प्रसिद्ध भारतीय राजनेता, महान् स्वतंत्रता सेनानी और जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे। वे एक ऐसी हस्ती थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में देश को न सिर्फ सैन्य गौरव का तोहफा दिया बल्कि हरित क्रांति और औद्योगीकरण की राह भी दिखाई। शास्त्री जी किसानों को जहां देश का अन्नदाता मानते थे। वहीं देश के सीमा प्रहरियों के प्रति भी उनके मन में अगाध प्रेम था जिसके चलते उन्होंने 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया।

कला-संस्कृति | **नवगठित रंगमण्डल छत्तीसगढ़ के रंगमंच में एक नया अध्याय जोड़ने में होगा सहायक**

संगीत-कला जीवन का महत्वपूर्ण पहलू, इसके बिना जीवन रसहीन : सुश्री उइके

रायपुर/नवप्रदेश। कलाकारों के बीच जाकर जीवन का अलग नजरिया सामने आता है और एक अलग तरह की अनुभूति होती है। संगीत एवं कला जीवन का महत्वपूर्ण पहलू होता है, जिसके बिना जीवन रसहीन हो जाता है। प्रकृति का स्वयं भी एक संगीत है और प्राकृतिक रूप से भी हमें कला के विविध आयाम नजर आते हैं। यह बात राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के थियेटर विभाग द्वारा नवगठित रंगमण्डल के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। राज्यपाल ने रंगमण्डल के औपचारिक गठन की भी घोषणा की।

राज्यपाल ने कहा कि कलाकार बहुत संवेदनशील और भावुक होते हैं किन्तु कलाकारों को स्वयं को व्यवसायिक रूप से स्थापित करने के लिए अपनी कला में निपुण होना होता है। उन्होंने कहा कि रंगमंच अभिव्यक्ति के सबसे प्राचीनतम माध्यम में से एक है। रंगमंच अपनी बात समाज तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। रंगमंच जहां एक ओर आनंद, उत्साह है, वहीं दूसरी ओर लोकशिक्षण भी है। नाट्य विभाग की यह पहल कला से संबंधित देश के अन्य विश्वविद्यालय के विभागों के लिए अनुपम उदाहरण बनेगा।

सुश्री उइके ने कहा कि विश्वविद्यालय में सभी विद्यार्थी श्रेष्ठम कलाकार बनने आए हैं। नाट्य विभाग का रंगमंडल वर्तमान और भूतपूर्व विद्यार्थी और कलाकारों को एक नवाचार मंच उपलब्ध करायेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ी भाषा के रंगमंच को भी एक नई दिशा मिलेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ के रंगमंच में एक नया अध्याय जोड़ने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि आचार्य भरतमुनि ने भी नाटक की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए कहा है कि नाटक वेद से लिया गया हो या आध्यात्म से वह तभी सिद्ध होगा जब लोक सिद्ध होगा अर्थात नाटक को समाज की स्वीकृति प्राप्त होगी।

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि छत्तीसगढ़ कला की दृष्टि से सदैव समृद्ध रहा है। यहां शास्त्रीय शैली, लोक शैली या आधुनिक रंगमंच सभी का समावेश रहा है। श्री हबीब तनवीर, डॉ. सचदेव दुबे, डॉ. शंकर दुबे, श्री प्रभु खरे, श्री दीपक तिवारी, श्री प्रिंस सायमन जैसे अनेक रंगकर्मियों ने छत्तीसगढ़ के रंगमंच को दुनिया में विशेष पहचान दिलाई। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के नाट्य विभाग द्वारा इस दिशा में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति 2020 में कलात्मक अभिव्यक्ति के साथ-साथ कौशल विकास को प्राथमिकता दी है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नाट्य विभाग द्वारा भारत के विश्वविद्यालय संरचना में पहली बार एक रंगमंडल का गठन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों को कौशल विकास व्यवसायिकता की ओर अग्रसर करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा। राज्यपाल ने कुलपति पद्मश्री श्रीमती ममता चंद्राकर को बधाई देते हुए कहा कि कला एवं कलाकारों की दिशा में नवाचार करते हुए साहसिक कदम उठाया है।राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा जारी कोविड गाईडलाईन का पालन करने का आग्रह करते हुए कहा कि सोशल डिस्टेसिंग का पालन करें, मास्क लगाएं, टीकाकरण कराएं।

संपादकीय

दलबदल का खेल शुरू

सत्ता का सेमीफाइनल कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के लिए होने जा रहे विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित होते ही दलबदल का खेल शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के मंत्री मण्डल में कैबिनेट मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्य ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है, वे समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए है। स्वामी प्रसाद मौर्य पिछड़ा वर्ग के बड़े चेहरे माने जाते है। उनके साथ कुछ और विधायकों के भाजपा से सपा में जाने की संभावना है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने दावा किया है कि दर्जनों विधयक भाजपा छोड़ने के लिए तैयार बैठे है। स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा में शामिल होने के पहले बहुजन समाज पार्टी में थे, जिससे वे प्रदेश अध्यक्ष रह चुके है। पिछले विधानसभा चुनाव में वे बसपा छोड़ का भाजपा में शामिल हुए थे और उन्हे योगी मंत्रीमण्डल में श्रम मंत्री बनाया गया था। साढ़े चार साल तक सत्ता का सुख भोगने के बाद अब उन्होने भाजपा छोड़ते हुए यह आरोप लगाया है कि भाजपा में पिछड़े वर्ग की उपेछा की जाती है। खैर यह तो पार्टी छोड़ने का बहाना है। दरअसल कोई भी नेता जब दलबदल करता है तो अपनी पुरानी पार्टी पर इसी तरह के आरोप लगाता है। दलबदलुओं का एक ही सिद्धांत होता है कि अपना काम बनता भाड़ में जाए जनता। अपने स्वार्थ के लिए ये नेता कपड़ों की तरह दल बदलते रहते है। इन दलबदलुओं को विरोधी पार्टी हाथों हाथ लेती है किन्तु मतदाताओं का मन जीतने में ये अकसर विफल हो जाते है। उत्तर प्रदेश में दलबदलने के लिए जो भगदड़ की स्थिति बनी है उसके पीछे एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि इस बार भाजपा कम से कम 60 से 70 मौजूदा भाजपा विधायकों की टिकट काटने जा रही है। जिन भाजपा विधायकों को अपनी टिकट कटने का विश्वास हो गया है वे पार्टी छोड़ने लगे है। यह तो अभी शुरूआत है टिकट बंटवारें के बाद बड़ी संख्या में भाजपा से विधायक किनारा कर लेंगे और उन पार्टियों में शामिल हो जाएंगे जो उन्हे टिकट देगी। दलबदल का यह खेल पुराना है। बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान भी तृणमूल कांग्रेस से बड़ी संख्या में नेता भाजपा में शामिल हुए थे। वहीं कहानी अब उत्तर प्रदेश में दोहराई जा रही है जहां भाजपा छोड़ कर लोग सपा की ओर भाग रहे है, क्योंकि भाजपा के मुकाबले में समाजवादी पार्टी ही मजबूत नजर आ रही है। कांग्रेस और बसपा दौड़ में कही नहीं दिख रही है इसलिए इन पार्टियों की ओर कोई रूख नहीं कर रहा है। जहां तक स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे का प्रश्न है तो इससे भाजपा को थोड़ा बहुत नुकसान हो सकता है क्योंकि उनकी गैर यादव पिछड़ा वर्ग पर मजबूत पकड़ मानी जाती है। उत्तर प्रदेश में जातिगत समीकरण बहुत काम आता है। ऐसी स्थिति में पिछड़ा वर्ग के विधायकों का इस्तीफा भाजपा के लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

विचार

पुलिस वही, जो कायदे से चले

पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा हो गई है और इसके साथ ही इन राज्यों की पुलिस का सबसे मुश्किल इम्तिहान भी शुरू हो गया है। भले ही स्वीकार न किया जाए, यह निर्विवाद है कि आज हमारी कोई भी सामाजिक या राजनीतिक गतिविधि पुलिस की सक्रिय उपस्थिति के बिना संपन्न नहीं हो सकती। एक प्रौढ़ लोकतंत्र में तो उम्मीद यही की जाती है कि जनता एक सांस्कृतिक अनुशासन के तहत अपने प्रतिनिधि चुनती रहे और शांति व्यवस्था भी बनी रहे। सात दशकों और पंद्रह से अधिक आम चुनावों के बाद भी हम ऐसी स्थिति में नहीं आ पाए हैं कि बिना पुलिस भागीदारी किसी चुनाव के संपन्न होने की कल्पना कर सकें। हमारे लिए तो इजरायल या स्वीडन जैसे समाज किसी दूसरे लोक के होंगे, जहां पिछले कुछ महीनों में कई चुनाव थोड़े-थोड़े अंतराल में हुए और सामान्य नागरिक की रोजमर्रा की जिंदगी बिना पटरी से उतरे चलती रही। चुनाव के बड़े बंदोबस्त में पुलिस के समक्ष मुख्य चुनौती नफ़री या संसाधनों से अधिक उस उम्मीद पर खरी उतरने की होती है, जो उससे सत्ता या विपक्ष, आम जनता और निर्वाचन आयोग की होती है। सबसे ज्यादा दिक्कत तो सत्ताधारी दल की अपेक्षा से पैदा होती है। भारतीय परिदृश्य में शाह-ए-वक्त हमेशा मानकर चलता है कि सरकारी मशीनरी बनी ही है उसकी हर जिद पूरी करने के लिए। इसमें किसी एक दल को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, यह कहना ज्यादा उचित होगा कि इस हमाम में सभी नंगे हैं। दुर्भाग्य से नौकरशाही ने भी, कुछ विशिष्ट अपवादों को छोड़कर उसे निराश नहीं किया है। यह तो भला हो टी एन शेषन का, जिनका नौकरशाह के रूप में कार्यकाल बहुत उत्साहजनक नहीं था, पर सांविधानिक पद पर बैठते ही उन्होंने ऐसे दूरगामी सुधार किए, जिनके बल पर आज भी चुनावों की थोड़ी-बहुत साख बची हुई है। शेषन के सुधारों का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष चुनाव बूथों की सुरक्षा पूरी तरह से राज्य पुलिस से लेकर केंद्रीय पुलिस बलों को सौंपना था। इस एक कदम से बूथ लूटने की घटनाएं तो खत्म हो गईं, लेकिन बूथ से दूर गांव, कस्बों या शहरों में पुलिस बंदोबस्त अभी भी राज्य पुलिस के पास है, क्योंकि कानून- व्यवस्था सांविधानिक रूप से राज्य का विषय है। यदि निर्वाचन आयोग राज्यों को पर्याप्त केंद्रीय संख्या में पुलिस बल उपलब्ध करा भी दे, तब भी उनकी तैनाती और नेतृत्व तो राज्य अधिकारियों के हाथों में ही रहता है। यहीं से वह संकट पैदा होता है, जिसके दर्शन हमें पश्चिम बंगाल में पिछले कई चुनाव में होते रहे हैं। वहां यह शिकायत आम है कि मतदाताओं को बूथ तक पहुंचने ही नहीं दिया गया या चुनाव के पहले अथवा खत्म होते ही उन्हें प्रताड़ित किया गया।

प्रधानमंत्री की सुरक्षा पर राजनीति ठीक नहीं

राजेश माहेश्वरी

> *पंजाब की देश की सुरक्षा में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। भारतीय सेना में सिखों की मौजूदगी गौरवशाली परंपरा का हिस्सा है। अन्य क्षेत्रों में भी यह समुदाय काफी आगे है। देश के हर हिस्से में उनकी उपस्थिति का एहसास तो होता ही है किन्तु पूरी दुनिया में सिख कौम भारत के प्रतीक चिन्ह के तौर पर प्रसिद्ध है। ये देखते हुए किसान आन्दोलन के बहाने पंजाब की सरजमीं पर जिस देशविरोधी जहर के बीज बोये जा रहे हैं उसे रोकने के लिए कांग्रेस को पूरी ताकत से जुटना चाहिए। राज्य में उसकी सरकार होने से इस बारे में उसकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। देश का प्रधानमंत्री कोई भी हो, उसकी सुरक्षा महत्वपूर्ण है। चाहे वह नरेन्द्र मोदी हों या फिर राजीव गांधी होते। पूरा विश्व हमारी ओर देख रहा है और कह रहा है कि यह ऐसा देश है, जो अपने प्रधानमंत्री की सुरक्षा नहीं कर सकता। अगर देश के पीएम की सुरक्षा में कमी है तो फिर कोई भी सुरक्षित नहीं है।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पंजाब यात्रा के दौरान बठिंडा में उनका काफिला आंदोलनरत किसानों के कारण लगे जाम की वजह से एक फ्लाईओवर पर लगभग 20 मिनट तक फंसा रहा। पीएम की सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक होने के बाद गृह मंत्री अमित शाह तो सक्रिय हो ही गए, पंजाब पुलिस भी ब्लू बुक के उल्लंघन के गंभीर आरोप से घिर गई। इसके बाद एक बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर पीएम के काफिले में सुरक्षा की इतनी बड़ी चूक की जिम्मेदारी किसकी है। सवाल यह भी कि काफिले का मार्ग बदलने की सूचना तत्काल आंदोलनकारियों को कैसे मिली। इतनी जल्दी वे इतनी बड़ी तादाद में कैसे एकत्र हो गये। वहीं सुरक्षा जानकार भी मान रहे हैं कि पाकिस्तान बॉर्डर से कुछ किलोमीटर की दूरी पर प्रधानमंत्री का एक जगह पंद्रह-बीस मिनट फंसे रहना खतरनाक हो सकता था। मामला सुप्रीम कोर्ट में है। सुप्रीम कोर्ट ने जाचं कमेटी का गठन कर दिया है। लेकिन मसले पर राजनीतिक घमासान के बीच पीएम की सुरक्षा पर नए सिरे से बहस शुरू हो गई है।

प्रधानमंत्री की सुरक्षा के मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। लेकिन अफसोस की बात यह है कि इस गंभीर मुद्दे पर भी जमकर राजनीति हो रही है। पंजाब में प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर हुई चूक के बाद जिस तरह की बयानबाजी हो रही है वह इस बात का परिचायक है कि राजनेताओं ने अपने विवेक को गहराई तक दफना दिया है। पंजाब प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को इस घटना में पंजाबियों का अपमान नजर आ रहा है। किसान आन्दोलन के स्वयंभू प्रवक्ता राकेश टिकैत को प्रधानमंत्री के सड़क मार्ग से जाने पर ही आपत्ति है। जिन किसानों के कारण प्रधानमंत्री का काफिला रुका उनके नेता कह रहे हैं कि वे तो जिलाधिकारी के सामने प्रदर्शन करने जा रहे थे किन्तु पुलिस ने उन्हें उस फ्लायओवर के पास रोक दिया जहां से प्रधानमंत्री को जाना था।

पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने पहले-पहल तो किसी भी जांच की जरूरत से ही इंकार कर दिया था लेकिन जब सोनिया गांधी ने उन्हें निर्देश दिए तब जाकर जांच समिति गठित की किन्तु सर्वोच्च न्यायालय ने फ़िलहाल उस पर रोक लगा दी है। इस प्रकरण में कुछ वीडियो भी सामने आये हैं जिनमें कुछ सिख युवक लाठी और तलवारों से लैस भाजपा के बैनर पोस्टर फाड़ते देखे जा रहे हैं। इस तरह की खबरें भी आई हैं कि प्रधानमन्त्री की जिस सभा में कुर्सियां खाली दिखाई गईं उनमें जाने वाले श्रोताओं को धमकाकर रोका गया। खैर, राजनीति में आ रही गंदगी देखते हुए ये सब अनपेक्षित नहीं है।

जहां तक प्रश्न राजनीतिक कटुता का है तो वह उन सभी पांच राज्यों में देखी जा रहे है जहां विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं लेकिन पंजाब उन सभी में अलग है। सीटों के लिहाज से राष्ट्रीय राजनीति पर उसका दबाव भले ही यूपी या अन्य बड़े राज्यों की तुलना में कम हो लेकिन उसकी भौगोलिक स्थिति देखते हुए वह राजनीतिक से कहीं ज्यादा रणनीतिक महत्व रखता है। जहां तक बात राकेश सिंह टिकैत के अलावा चरणजीत सिंह चन्नी और नवजोत जैसे नेताओं के बयानों की है तो उनका भाजपा अथवा मोदी विरोध समझ में आता है लेकिन पंजाब के मौजूदा हालात में केवल विधानसभा चुनाव ही मुद्दा नहीं रहा।

इसकी सच्चाई प्रमाणित नहीं हो सकी लेकिन पंजाब के भीतर किसान आन्दोलन की आड़ लेकर जिस तरह से सिखों को श्री मोदी और भाजपा विरोधी पेश करने का कुचक्र रचा जा रहा है उसके दूरगामी परिणाम बहुत ही खतरनाक होंगे। अलगाववादी ताकतें कश्मीर, पूर्वोत्तर या पंजाब कहीं की हों किन्तु उन सबका उद्देश्य भारत की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाना है। पंजाब में भाजपा का अपना स्वतन्त्र जनाधार न बन पाने की वजह अकाली दल के साथ चला लम्बा गठबंधन है। शहरी इलाकों विशेष तौर पर हिन्दू मतदाताओं में उसके प्रति आकर्षण है किन्तु वह चुनावी जीत दिलवाने में कितना मददगार होगा ये चुनाव परिणाम बताएँगे।

कैप्टन अमरिंदर सिंह भाजपा के साथ जो गठबंधन बना रहे हैं उसकी वजह से उनको भाजपा समर्थक हिन्दू और अन्य मतदाताओं का समर्थन तो मिल जाएगा लेकिन वे सिखों को भाजपा के पक्ष में कितना झुका पाएंगे ये बड़ा सवाल है। ये देखते हुए इस बात पर मंथन होना चाहिए कि यह चुनाव कहीं हिन्दू और सिखों के परंपरागत भाई-चारे को नुकसान न पहुंचा सके। सबसे ज्यादा चिंताजनक बात ये है कि जिन गलतियों से पंजाब में खालिस्तानी आतंक अस्सी और नब्बे के दशक में फला-फूला, उनको दोहराने की गलती कांग्रेस की राज्य सरकार दोहरा रही है।

मुख्यमंत्री श्री चन्नी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री सिद्धू के बीच की रस्साकशी के चलते राज्य में जिस तेजी से खालिस्तानी आतंक का पदार्पण हुआ वह किसी बड़े खतरे का संकेत है। जैसी कि खबरें आ रही हैं उनके अनुसार पंजाब में कांग्रेस का पराभव निश्चित है। आम आदमी पार्टी के सबसे बड़े दल के तौर पर उभरने के अनुमान विभिन्न सर्वेक्षणों में सामने आने से कांग्रेस में घबराहट होना स्वाभाविक है। लेकिन बजाय उस पार्टी के कांग्रेस के हमले का निशाना भाजपा बन रही है जो चैंकाने वाला है।

चंडीगढ़ नगर निगम के हालिया चुनाव में आम आदमी पार्टी सबसे बड़ा दल बन गई जबकि भाजपा दूसरे और कांग्रेस तीसरे पर आई। त्रिशंकु की स्थिति बन जाने के कारण महापौर का फैसला नहीं हो पा रहा। इस चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी का हौसला बुलंद हुआ जबकि कांग्रेस में हताशा है। उसके नेता टूटकर आम आदमी पार्टी के अलावा कैप्टन अमरिंदर सिंह और भाजपा के साथ जा रहे हैं। कांग्रेस ने पंजाब के आतंकवाद की कितनी बड़ी कीमत चुकाई है ये किसी से छिपा नहीं है किन्तु वह उस घाव को क्यों भूल रही है ये बड़ा सवाल है। वहां भाजपा को कितनी सीटें मिलेंगीं ये उतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना ये कि इस राज्य में खालिस्तानी आतंक का पुनरागमन न हो और सिखों के हिन्दुओं के साथ रोटी-बेटी के जो ऐतिहासिक रिश्ते हैं उनमें दरार न पड़े। किसान आन्दोलन के दौरान देश विरोधी ताकतों ने जिस तरह का षडयंत्र रचा पंजाब में उसी का अमल होता दिख रहा है। गौरतलब है कि कृषि प्रधान होने के बाद भी वहां सभी खेती करते हों ये जरूरी नहीं है। वहां हिन्दू भी बड़ी संख्या में रहते हैं।

केंद्र शासित होने से चंडीगढ़ में देश के विभिन्न हिस्सों से आकर लोग बसे हैं। हिन्दू बहुल हरियाणा से भी पंजाब का निकट सम्बन्ध है। ऐसे में इस राज्य की राजनीति में घोला जा रहा जहर देश को बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को यदि जरा सी भी समझ है तो उसे अपनी राज्य सरकार और पार्टी संगठन को देश विरोधी ताकतों से दूर रहने का निर्देश देना चाहिये।

चीन ने दिया वैकल्पिक लोकतंत्र का विचार

नीरज मनजीत

> चीनी शासक और जनता भले ही कैसे भी तर्क दे, पर हम चीन के थ्येन-ऑन-मन स्क्वेयर की घटना कैसे भूल सकते हैं, जब चीनी सेना ने लोकतंत्र की मांग कर रहे बीस हजार छात्रों को गोलियों और गोलों से भून दिया था। हांगकांग वाला मामला तो ताज़ातरीन है। इंग्लैंड ने चीन को हांगकांग सौंपते हुए यह समझौता किया था कि अगले 50 वर्षों तक चीन हांगकांग की लोकतांत्रिक व्यवस्था को नहीं बदलेगा। पर चीन ने सारे समझौतों को धता बताते हुए हांगकांग में खुलेआम लोकतांत्रिक संस्थाओं को कुचलने का इरादा कर लिया है। अभी पिछले दिनों ही चीनी प्रशासन ने एक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पारित किया है।

इन दिनों एक बार फिर चीन वैश्विक बिरादरी में चर्चा में है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हाल ही में एक बयान में कहा है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने हमारे यहाँ बेहतर लोकतांत्रिक व्यवस्था विकसित की है, जो बहुदलीय लोकतांत्रिक प्रणाली की बुराइयों से सर्वथा अलग एक नवीन विकल्प देती है। वे कहते हैं कि देर-सबेर दुनिया जरूर चीनी लोकतंत्र के इस मॉडल को अपनाएगी। शी जिनपिंग के इस कथन को उनकी अतिशय गर्वोक्ति माना जा सकता है। वैश्विक समुदाय ने इसे चीन की आक्रामक कूटनीति का एक अवांछित हिस्सा मानकर टेबल की दराज में काग़ज़ों के नीचे दबा दिया होता। पर चूंकि यह कथन पिछले माह अमेरिका की मेजबानी में आयोजित वर्चुअल सम्मेलन 'समिट फ़ॉर डेमोक्रेसी' के बाद आया है, इसलिए वैश्विक कूटनीति के हलकों में इसे संजीदगी से लिया जा रहा है।

राष्ट्रपति जो बाइडेन की अध्यक्षता में आयोजित 'समिट फ़ॉर डेमोक्रेसी' में दुनिया के सौ से ज़्यादा देशों ने हिस्सा लिया था। चीन, उत्तर कोरिया, अफ़ग़ानिस्तान और यूरोप के कुछ देशों को इस शिखर सम्मेलन में नहीं बुलाया गया था। ऐलानिया तौर पर कहा गया था कि वैश्विक लोकतंत्र को एकाधिकारवादी तानाशाह देशों से ख़तरा है और इस ख़तरे से भली-भांति निबटने के लिए लोकतांत्रिक देशों और विचारकों को एक मंच में लाना जरूरी है। इस शिखर सम्मेलन के आयोजन पर चीनी प्रशासन ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि अमेरिका इस सम्मेलन के जरिए चीन पर औचित्यहीन दबाव डालना चाहता है और नए शीतयुद्ध को बढ़ावा देना चाहता है। इससे भी आगे बढ़कर चीन ने वैकल्पिक लोकतांत्रिक व्यवस्था की बात छेड़कर एक नई बहस को जन्म दे दिया। इस पूरे मामले को अच्छी तरह समझने के लिए हमें चीन की वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था पर गौर करना होगा। सैकडों वर्षों की राजशाही और अनेक गृहयुद्धों से गुज़रने के बाद 1949 में एक स्थिर चीनी जनवादी गणराज्य की स्थापना हुई थी । तब से चीन पर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना का एकाधिकारवादी शासन चला आ रहा है। वहाँ हर क़िस्म के मीडिया पर सरकार का परोक्ष नियंत्रण है। चूंकि चीन में कोई विपक्षी पार्टी नहीं है, इसलिए नागरिक शासन के हर फ़ैसले को मानने के लिए बाध्य है। कम्युनिस्ट पार्टी हर पाँच साल में देश के सभी इलाकों से कुल 2300 प्रतिनिधि चुनती है। इसके बाद बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ चाइना में सीपीसी की कांग्रेस में इन प्रतिनिधियों की बैठक होती है, जिसमें 200 सदस्यों की सेंट्रल कमेटी चुनी जाती है। यह कमेटी मतदान के जरिए 24 सदस्यीय पोलित ब्यूरो और 7 सदस्यीय स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव करती है। ये ही दोनों कमेटियाँ चीन की नीतियों और दिशा का निर्धारण करती हैं और सीपीसी के महासचिव का चुनाव करती हैं, जो अंततः देश का राष्ट्रपति भी कहलाता है। ज़ाहिर है सीपीसी का मैन्युफेस्टो ही चीन की 140 करोड़ जनता का भाग्य तय करता है। आज चीन और शी जिनपिंग इसी व्यवस्था को नवीन लोकतंत्र के नाम से दुनिया के सामने पेश कर रहे हैं।

लेकिन दुनिया जिनपिंग के इस नए विचार और तर्कों से मुतमईन नहीं है। लोकतांत्रिक विचारकों के मुताबिक मुक्त मीडिया, जनता के वोट से प्रत्यक्ष चुनाव, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की प्रतिष्ठा किसी भी लोकतंत्र के लिए जरूरी शर्तें हैं और चीन इनमें से कोई भी शर्त पूरी नहीं करता। अतः इस एकाधिकारवादी व्यवस्था को लोकतंत्र मानने का सवाल ही नहीं है। पर यहाँ एक तथ्य चीन के पक्ष में जाता है। लोकतांत्रिक देशों के शासकों विचारकों के इन तर्कों के बावजूद चीन की जनता आश्चर्यजनक रूप से अपनी एकदलीय प्रणाली से काफी खुश है। भले ही लोकतांत्रिक मापदंडों के इंडेक्स में चीन बहुत नीचे है, पर नागरिकों की संतुष्टि और प्रसन्नता के मामले में चीन काफी ऊपर है। कुछ सालों पहले 'शासन और जनता के बीच के अंतरसंबंधों' पर सर्वेक्षण करनेवाली एक वैश्विक संस्था ने पाया कि चीन की 80 फ़ीसदी से ज़्यादा जनता अपनी शासन प्रणाली को एक आदर्श व्यवस्था मानती है और चाहती है कि दुनिया के अन्य मुल्क भी इसे अपनाएँ। चीनी लोगों का मानना है कि बहुदलीय प्रणाली भयानक भ्रष्टाचार को जन्म देती है और सत्ता के लोभ में पार्टियां अक्सर देशहित को भी ताक में रखने से नहीं चूकतीं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बहुत ठहरा तू

बहुत ठहरा तू परदेश में ये बंदे चल अब सामान समेट ले पुण्य पाप बहुत किया बे सबब बे गरज चल अब हिसाब करा ले कहीं भार ना हो जाए कुछ सामान छोड़ बस नेह रूह बाँध चल ले नजर भर देख ले अपने दिल बाशिंदों को जाने कब तू आँख बंद कर ले बज रही है घंटियाँ तु अकान जरा आरती थाल अब हाथ ले।

- प्रीती श्रीवास्तव

एक बूँद ही तो है वह

एक बूँद ही तो है वह जो बनी है मोती क्यूं कि वह नन्हीं बूँद सीप के अँधेरे कोटरी में बिताई है दिन और उसकी रातें कटी है स्याह अकेलेपन में मोती सा दमकने के लिए सहनी पडती है कितनी ही यातनाए पूछो ना उस नन्ही बूँद से।

- सरिता सैल

ख़ास पाती | तुम्हारे उदासीनता भरे तिरस्कार

तुम्हारे उदासीनता भरे तिरस्कार के शुष्क ताप से दिन जब बहुत उदास होता है तब दिल का सारा दर्द मेरी नसों में उतर आता है उदासी सारा दिन चलती है हर कमरे में मेरे साथ साथ हर कमरे में जाकर मैं और उदास हो जाती हूँ न जाने कैसे भरे हुए कमरों में भी तुम्हारा खालीपन अपनी जगह बना लेता है और घर का हर सामान मेरी शिथिल पड़ गयी हथेली को देखता है जिनमें कसकर मुट्ठी भींचने की ताकत भी जैसे खत्म हो जाती है क्योंकि मेरे 'ओ' पॉजिटिव रक्त का 'एच बी' सिर्फ तुम हो तुम्हारे बग़ैर मेरा होना मेरे लिए जैसे हृदय की धमनियों में रक्त प्रवाह का रुक जाना है ।

- अनामिका चक्रवर्ती

आ गए दिन फिर चुनावी प्यार

आ गए दिन फिर चुनावी प्यार से जनमत बनाने। रख सिरहाने फ़र्ज़ सारे, कारनामो को गिनाने। जोर अपना सब लगाते , वादे करते हैं बड़े चौक दीवारों पे पोस्टर पुतले करते हैं खड़े चल दिये हैं जोड़ के कर, प्रेम से जनता मनाने, आ गए दिन फिर चुनावी प्यार से जनमत बनाने। ढूँढते कमजोरियाँ, जुमलों से करते वार हैं है लड़ाते आपको कुर्सी से क्यों के प्यार है अब तलक जो है दिखाया जलवे अपने फिर दिखाने, आ गए दिन फिर चुनावी प्यार से जनमत बनाने। **- रानी इन्दु**

अपने देश के गद्दारों का कि अब

अपने देश के गद्दारों का, कि अब हिसाब हो जाए, बहुत मगरूर हैं इनका, घमंड अब चूर हो जाए। छोड़ो अब ऊंच-नीच आओ अब सब एक हो जाए मिले एक - दूसरे के दिल, कि नफ़रत दूर हो जाए।

- संजय सिंह राजपूत भव्य

तिलस्सम सा घना कोहरा एक

तिलस्सम सा घना कोहरा एक दिन जो गुज़रा अरमानों की बस्ती से बन के मोहरा शह-मात देता पसर गया -जो कुछ देर वहीं भीतर घने,. छिपे हुए कितने ख्वाबों को ढाहता रहा पेड़ो की डालियों पर लटके उमीद के फूलों को गिराता रहा आधे-अधूरे सपनों की छोटी-छोटी लटकती पत्तियो को सालता रहा रहस्य बना हुआ डराता रहा-उड़ते पंछी को दूर जाने से बन के धुँआ जो बरसा-अरमानों पर हर दिल को आशंकित कर गया वो घना कोहरा सब के दिलों पर छा गया। **- सुलोचना खुराना**

कडाके की सर्दी है सूरज

कडाके की सर्दी है सूरज हड़ताल में है , अहसास ठिठुरे हुए तू किस ख्याल में है ! मौन गहरा,उत्तर न हुआ अब भी नामूदार , यहाँ सारा झंझावात बस इस सवाल में है ! जीवन में सुर लय को साधे तो साधे कैसे , इस मसले का हल अनसुनी ताल में है ! मन के पिंजरे में रूह फड़फड़ा ले जितना , मोक्ष का सुत्र तो सितारों के जाल में है ! ये घने काले बादल भी छँट जायेगे राज तोड़ उदासी काहे अहसासों के बबाल में है। **- राज चुन्नी शर्मा**

मासूमियत के खेल से झुलस गये

मासूमियत के खेल से झुलस गये हम, आदत न थी मुझको सपने सजाने की! लिख न सके लबों पर जब शब्द थे! निःशब्द हैं तो आज फिर कविता लिख गयी ! **- पंकज मिश्र**

हर तरफ ग़म का तूफ़ान है

हर तरफ ग़म का तूफ़ान है, खुशियों का दीया बेजान है। शह्र में धूप आती नहीं, सूर्य गांवों का मेहमान है। आशिक़ी के मुहल्ले में अब, बेवफ़ाओं का गुणगान है। जब से बच्चे विदेशी हुवे, बाप को ख़ौफ़-ए-शमशान है। मौत के बाद मिलता सुकूं, जीते जी सब परेशान हैं। **- डॉ संजय दानी**

QUIZ TIME

1) ट्राइबल मार्ट योजना का लक्ष्य क्या है?
2) बैंक संगवारी तुमचो दुआर योजना कौन-से जिले से प्रारंभ किया गया था?
3) आमचो दुकान तुमचो दुआर योजना कौन-से जिले से प्रारंभ किया गया था?
4) आभार योजना कौन-से जिले से प्रारंभ किया गया था?
5) गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी का प्रथम भुगतान कब किया गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) महिलाओं को सशक्त बनाना, गांववासियों को सुविधा देना और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाना (2) दंतेवाड़ा (3) दंतेवाड़ा (4) बस्तर (5) 5 अगस्त 2020

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1665 ङ्क फ़्रांस के गणितज्ञ पियरडी फरमा का निधन हुआ। उन्होंने गणित से संबंधित कई नियम बनाए जो उन्हीं के नाम से जाने जाते हैं।1701 ङ्क नीदरलैंड में ग्रेगोरियन कैलेंडर को अपनाया गया।1708 ङ्क शाहू जी को मराठा शासक का ताज पहनाया गया।1748 ङ्क अहमद शाह दुराणी ने लाहौर पर कब्जा किया।1863 ङ्क आध्यात्मिक गुरू एवं पश्चिम देशों में योग को पहुंचाने वाले स्वामी विवेकानंद का जन्म।1895 ङ्क नेशनल ट्रस्ट ब्रिटेन में स्थापित किया गया।1908 ङ्क पेरिस स्थित एफिल टॉवर से पहली बार लंबी दूरी का वायरलेस संदेश भेजा गया।1911 ङ्क रूस के वियर्न शहर में भूकंप आने से 250 से ज्यादा लोग मारे गए।1915 ङ्क संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधि मंडल ने महिलाओं को वोट देने का प्रस्ताव खारिज किया।1916 ङ्क न्यूयॉर्क नौसेना यार्ड में अमेरिकी नौसेना के पनडुब्बी यूएसएस ई -2 पर एक विस्फोट में चार सैनिक मारे गए।1942 ङ्क जापान ने तारकन की लड़ाई जीती।1948 ङ्क महात्मा गांधी ने सांप्रदायिक हिंसा के विरुद्ध अनशन में बैठने का फैसला किया।1954 ङ्क आस्ट्रिया में हिमस्खलन में 200 से अधिक लोग मारे गए।1964 ङ्क भारत के पूर्व गेंदबाज बापू नाडकर्णी ने मद्रास में इंग्लैंड के साथ पहले टेस्ट में लगातार 21 ओवर मेडन फेंके। यह अब तक रिकॉर्ड है।1970 ङ्क बायफ्रा ने नाइजीरियाई नागरिक युद्ध को समाप्त किया।1976 ङ्क दुनिया के सबसे जाने माने जासूसी उपन्यासकारों में से एक अगाथा क्रिस्टी का निधन।



अजय देगवन की फिल्म 'तानाजी: द अनसंग वॉरियर' के प्रदर्शन के दो साल पूरे

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की फिल्म 'तानाजीः द अनसंग वॉरियर' के प्रदर्शन के दो साल पूरे हो गये हैं। अजय देवगन की फिल्म तानाजी द अनसंग वॉरियर को रिलीज हुए दो साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर खुशी जाहिर करते हुए अजय देवगन ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह फिल्म के सीन्स को फिल्माते हुए दिख रहे हैं।

इस वीडियो को अजय देवगन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में तानाजी अपने हाथ में लाल झंडा के साथ खड़े हुए दिख रहे हैं। वीडियो में अजय देवगन ऐतिहासिक युद्ध के सीन्स को भी फिल्माते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर कर अजय देवगन ने लिखा, ÷स्क्रिप्ट से लेकर पर्दे और इतिहास रचने तक। तन्हाजी के 2 साल पूरे होने का जश्न।

गौरतलब है कि फिल्म तानाजीः द अनसंग वॉरियर की कहानी मराठा योद्धा तानाजी मालुसरे के जीवन पर इर्द गिर्द घूमती है, जो कोंधना किले को फिर से हांसिल करने के लिए औरंगजेब के भरोसेमंद उदयभान सिंह राठौड़ से युद्ध करते हैं। फिल्म ने अजय देवगन ने तन्हाजी का मुख्य किरदार निभाया है और उनकी पत्नी कालोज ने फिल्म में तानाजी की पत्नी सावित्रि बाई मालुसरे का रोल निभाया है जबकि सैफ अली खान ने उद्यभान सिंह का किरदार निभाया है।

अभिनय से लोगों को दीवाना बनाया अमरीश पुरी ने

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में अमरीश पुरी का नाम ऐसे कलाकार के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने अपनी कड़क आवाज .रौबदार भाव..भंगिमाओं और दमदार अभिनय के बल पर खलनायकी को एक नयी पहचान दी ।

पंजाब के नौशेरां गांव में 22 जून 1932 को जन्में अमरीश पुरी ने अपने करियर की शुरूआत श्रम मंत्रालय में नौकरी से की और उसके साथ साथ सत्यदेव दुबे के नाटकों में अपने अभिनय का जौहर दिखाया।बाद में वह पृथ्वी राज कपूर के पृथ्वी थियेटर में बतौर कलाकार अपनी पहचान बनाने में सफल हुये। पचास के दशक में अमरीश पुरी ने हिमाचल प्रदेश के शिमला से बीए पास करने के बाद मुंबई का रूख किया ।उस समय उनके बड़े भाई मदनपुरी हिन्दी फिल्म मे बतौर खलनायक अपनी पहचान बना चुके थे। वर्ष 1954 मे अपने पहले फिल्मी स्क्रीन टेस्ट मे अमरीश पुरी सफल नही हुये।

अमरीश पुरी ने अपने जीवन के 40वें बसंत से अपने फिल्मी जीवन की शुरूआत की थी। वर्ष 1971 में बतौर खलनायक उन्होंने फिल्म रेशमा और शेरा से अपने करियर की शुरूआत की लेकिन इस फिल्म से वह दर्शको के बीच अपनी पहचान नहीं बना सके,लेकिन उस जमाने के मशहूर बैनर बॉम्बे टॉकीज में कदम रखने बाद उन्हें बड़े-बड़े बैनर की फिल्में मिलनी शुरू हो गयी।

अमरीश पुरी ने इस बीच हरमेश मल्होत्रा की वर्ष 1986 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म नगीना में एक संपेरे की भूमिका निभायी जो लोगो को बेहद पसंद आया। इच्छाधारी नाग को केन्द्र में रखकर बनी इस फिल्म में श्रीदेवी और उनका टकराव देखने लायक था। वर्ष 1987 में उनके कैरियर मे अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ। वर्ष 1987 में अपनी पिछली फिल्म मासूम की सफलता से उत्साहित शेखर कपूर बच्चों पर केन्द्रित एक और फिल्म बनाना चाहते थे जो इनविजबल मैन के उपर आधारित थी। इस फिल्म में नायक के रूप मे अनिल कपूर का चयन हो चुका था, जबकि कहानी की मांग को देखते हुये खलनायक के रूप मे ऐसे कलाकार की मांग थी जो फिल्मी पर्दे पर बहुत ही बुरा लगे। इस किरदार के लिये निर्देशक ने अमरीश पुरी का चुनाव किया जो फिल्म की सफलता के बाद सही साबित हुआ। इस फिल्म मे अमरीश पुरी द्वारा निभाये गये किरदार का नाम था मौगेम्बो और यही नाम इस फिल्म के बाद उनकी पहचान बन गया ।

माधुरी दीक्षित ने रीक्रिएट किया फिल्म 'हम आपके हैं कौन' का सीन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित ने अपनी सुपरहिट फिल्म 'हम आपके हैं कौन' का एक सीन रीक्रिएट किया है। राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनीं सुपरहिट फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में सलमान खान और माधुरी दीक्षित ने मुख्य भूमिका निभायी थी। माधुरी दीक्षित ने 'हम आपके हैं कौन' का एक शानदार सीन रिक्रिएट किया है, जो सोशल वीडियो पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में माधुरी के साथ सलमान खान भी नजर आ रहे हैं।

इस वीडियो में हाथ में गुलेल लिए माधुरी, सलमान पर निशाना लगाते हुए नजर आ रही हैं, जो बिल्कुल सटीक लगता है। इसके बाद सलमान खान, माधुरी दीक्षित की तरफ उन्हीं की स्टाइल में पलट कर देखते हैं और कहते हैं, 'क्या निशाना है, जिस पर माधुरी मुस्कुरा देती हैं। इसके बाद सलमान, माधुरी का हाथ पकड़कर उन्हें आगे की तरफ ले जाते हैं और कहते हैं 'आइए निशा'।

धर्मेन्द्र ने शेयर किया गांव के पुश्तैनी घर का वीडियो

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के ही मैन धर्मेन्द्र ने अपने गांव के पुश्तैनी घर का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

धर्मेन्द्र सोशल मीडिया पर काफी सक्रिया रहते हैं। वह अक्सर फैन्स के साथ अपने वीडियो और फोटो शेयर करते रहते हैं । अब उन्होंने ट्विटर पर एक पुराने टीवी शो का एक वीडियो क्लिप शेयर किया है जिसमें उनके साथ विनय पाठक नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में धर्मेंद्र विनय पाठक के साथ अपने गांव के पुश्तैनी घर में जाते हुए नजर आ रहे हैं।

इस वीडियो क्लिप में धर्मेंद्र अपने पैरंट्स के बारे में बात करते नजर आ रहे हैं। इसके बाद वह अपने गांव के पुश्तैनी घर में विनय पाठक को पुरानी तस्वीरें दिखाते भी नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए धर्मेंद्र ने लिखा, जीवन की सच्चाई...हमें तब समझ में आती है...जब वे चले जाते हैं।

न्यूज गैलरी

लखनऊ और अहमदाबाद को बीसीसीआई से मिली मंजूरी

नई दिल्ली (वार्ता)। आईपीएल की दो नई टीमों लखनऊ और अहमदाबाद को मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से औपचारिक मंजूरी मिल गई। आईपीएल की मंगलवार को हुई गवर्निंग काउंसिल की बैठक में लखनऊ टीम के मालिक संजीव गोयनका के आरपीएसजी ग्रुप और अहमदाबाद के मालिक सीवीसी कैपिटल को मंजूरी पत्र जारी किए जाने पर मुहर लगाई गई। आईपीएल के अध्यक्ष बृजेश पटेल ने बैठक के बाद इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि गवर्निंग काउंसिल ने सीवीसी द्वारा अहमदाबाद टीम के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है और हम आज दोनों नई टीमों को मंजूरी पत्र जारी करेंगे।

श्रीकांत और सिंधू दूसरे दौर में

नई दिल्ली (वार्ता)। शीर्ष वरीयता प्राप्त किदाम्बी श्रीकांत और पीवी सिंधू ने इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अभियान की विजयी शुरुआत करते हुए मंगलवार को दूसरे दौर में जगह बना ली। यहां इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के केडी जाधव हाल में खेले जा रहे सत्र के इस पहले टूर्नामेंट में विश्व चैंपियनशिप के रजत विजेता श्रीकांत ने हमवतन सिरिल वर्मा को 34 मिनट में 21-17 21-10 से हराकर दूसरे दौर में स्थान बना लिया जहां उनका मुकाबला डेनमार्क के किम ब्रुन से होगा। महिला वर्ग में टॉप सीड और ओलम्पिक की कांस्य विजेता सिंधू ने हमवतन श्री कृष्ण प्रिया कुदरावल्ली को मात्र 27 मिनट में 21-17 21-10 से शिकस्त दी।

आईपीएल के टाइटल स्पॉन्सर के रूप में वीवो की जगह लेगा टाटा

नई दिल्ली (वार्ता)। आईपीएल के 2022 संस्करण में टाइटल स्पॉन्सर के रूप में टाटा वीवो की जगह लेगा। वीवो की ओर से आईपीएल के टाइटल स्पॉन्सर की भूमिका से हटने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) टाटा समूह को यह भूमिका देगा। आईपीएल की मंगलवार को हुई गवर्निंग काउंसिल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। आईपीएल के अध्यक्ष बृजेश पटेल ने खुद बैठक के बाद आगामी सीजन में टाटा समूह के टाइटल स्पॉन्सर होने की पुष्टि की। उन्होंने एक बयान में कहा कि वीवो बाहर हो गया है और अब टाटा टाइटल स्पॉन्सर होगा।

क्रिस मॉरिस का क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास

जोहानसबर्ग (वार्ता)। दक्षिण अफ़्रीका के तेज़ गेंदबाज़ी आलराउंडर क्रिस मॉरिस ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। अपने 12 साल के करियर के दौरान 34 साल के मॉरिस ने 69 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले और कुल 94 विकेट लिए। वह अब दक्षिण अफ़्रीका की घरेलू टीम टाइटंस में कोचिंग की ज़िम्मेदारी संभालेंगे।

अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट से संन्यास की घोषणा करते हुए मॉरिस ने लिखा, ÷उन सभी का शुक्रिया जिन्होंने मेरी इस यात्रा में अपना छोटा या बड़ा योगदान दिया है। यह एक मज़ेदार यात्रा थी। मैं अब कोचिंग की भूमिका के लिए उत्साहित हूं। 2019 विश्व कप के बाद से मॉरिस ने दक्षिण अफ़्रीका के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन अपने कौशलपूर्ण गेंदबाज़ी और आक्रामक बल्लेबाज़ी के कारण वह फ़्रेंचाइज़ी क्रिकेट के पसंदीदा रहे हैं। आईपीएल नीलामी में कुछ मौक़ों पर उन्हें रिकॉर्ड तोड़ रकम के साथ ख़रीदा गया। पहले वह दिल्ली डेयरडेविल्स के साथ गए, फिर उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने ख़रीदा। 2021 की अंतिम नीलामी में उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 2.25 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रकम में ख़रीदा, जो कि आईपीएल नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड है।

मॉरिस ने 22 साल की उम्र में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया था। नवंबर, 2012 में उन्हें टी20 अंतर्राष्ट्रीय, जून, 2013 में वनडे और जनवरी, 2016 में उन्हें टेस्ट पदार्पण करने का मौक़ा मिला था। उन्होंने चार टेस्ट में 38.25 के औसत से 12 विकेट लिए। इंग्लैंड के ख़िलाफ़ अपने पदार्पण टेस्ट मैच में उन्होंने 69 रन भी बनाए थे, जो कि उनका सर्वाधिक स्कोर था। उन्होंने 42 वनडे में 36.58 के औसत से 48 विकेट लिए जबकि 20.30 के औसत और 100.43 की स्ट्राइक रेट से 467 रन बनाए, जिसमें 62 रन उनका सर्वाधिक स्कोर था। वहीं 23 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में उनके नाम 20.50 के औसत से 34 विकेट और एक अर्धशतक के साथ 133 रन दर्ज है। उन्हें दुनिया भर में घूम-घूम कर फ़्रेंचाइज़ी क्रिकेट खेलने के लिए भी जाना जाता है। आईपीएल के अलावा उन्होंने साउथ अफ़्रीका में टाइटंस, लायंस और नॉर्थ वेस्ट, इंग्लैंड में सरे और हैंपशायर, वेस्टइंडीज़ में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रिएट्स और ऑस्ट्रेलिया में सिडनी थंडर के लिए फ़्रेंचाइज़ी टी20 क्रिकेट खेला है।

पेट्रोल और डीजल के दाम 68 वें दिन भी रहा स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर आज लगातार 68 वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

केंद्र सरकार के पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर उत्पाद शुल्क क्रमशः पांच और दस रुपये घटाये जाने की घोषणा चार नवंबर को किये जाने के बाद कीमतों में काफी कमी आयी थी। इसके बाद राज्य सरकार के वैट कम करने के फैसले के बाद दिल्ली में दो दिसंबर को पेट्रोल लगभग आठ रुपये सस्ता हुआ था। सप्ताह के पहले दिन आज सिंगापुर में लंदन ब्रेंट क्रूड 0.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81.30 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.61 प्रतिशत उठकर 78.71 रुपये प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। घरेलू बाजार में 68 वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। राजधानी दिल्ली में वैट कम किये जाने के कारण भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पंप पर पेट्रोल की कीमत 95.41 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल के दाम 86.67 रुपये प्रति लीटर पर टिके रहे। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

दक्षिण कोरिया के साथ व्यापार वार्ता घाटे की समस्या होगा प्रमुख मुद्दा

नई दिल्ली (वार्ता)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल दक्षिण कोरिया के वाणिज्य मंत्री हान-कू येओ के साथ मंगलवार को द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों के वाणिज्यिक संबंधों पर चर्चा करेंगे।

बातचीत में भारत की ओर से उंचे व्यापार घाटे और भारतीय वस्तुओं को कोरियायी बाजार में प्रवेश में अड़चनों के मुद्दे को विशेष रूप से उठाया जाएगा। एक अधिकारी ने कहा, यह बातचीत बड़े व्यापार घाटे, कोरियायी बाजार में प्रवेश की समस्या और भारतीय निर्यातकों की राह में वहां आने वाली गैर-प्रशुल्कीय बाधाओं पर केंद्रित होगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार दोनों मंत्री निवेश पारस्परिक निवेश से सबंधित विषयों पर भी चर्चा करेंगे। इस बैठक से द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बल मिलने और इसमें अवसरों की समानता में सुधार होने की संभावना है। श्री गोयल के पास कपड़ और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने पिछले साल इटली में जी20 की शिखर बैठक के दौरान कोरिया के वाणिज्य मंत्री के साथ अलग से हुई मुलाकात में 2010 से लागू भारत-दक्षिण कोरिया मुक्त व्यापार समझौते की जल्दी समीक्षा और व्यापार को अधिक संतुलित बनाने की जरूरत पर जोर दिया था।

घी सेगमेंट का विस्तार करेगी मदर डेयरी

नई दिल्ली (वार्ता)। डेयरी उद्योग क्षेत्र की प्रमुख कंपनी मदर डेयरी ने घी सेगमेंट का विस्तार करने की योजना बनाई है।

कंपनी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि घी सेगमेंट में तेजी से विकास करने के मद्देनजर उसने अगले तीन सालों में इस श्रेणी में 20 प्रतिशत से अधिक की वृध्दि का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत इस उत्पाद को देश के 200 शहरों में 50 हजार अतिरिक्त रीटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी के कारोबार प्रमुख संजय शर्मा ने कहा, मदर डेयरी घी सेगमेंट पर अपना फोकस बढ़ा रही है और कंपनी ने अगले तीन सालों में इस श्रेणी में उद्योग जगत की तुलना में तेज़ी से विकास का लक्ष्य निर्धारित किया है। कंपनी ने घी की अधिक खपत वाले बाजारों जैसे उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और हरियाणा तथा अपने घरेलू बाजार दिल्ली-एनसीआर में इस कैटेगरी की मौजूदगी को बढ़ाने की योजनाएं बनाई हैं।''

वोडा आइडिया एजीआर को शेयर में बदलने को तैयार

नई दिल्ली (वार्ता)। भारी आर्थिक संकट की सामना कर रही दूरसंचार कंपनी वोडाफ ोन आइडिया के निदेशक मंडल ने स्पेक्ट्रम नीलामी की किश्त पर ब्याज और समायोजिक सकल राजस्व(एजीआर) के बदले सरकार को शेयर जारी करने को अनुमोदित कर दिया है। इसको जारी किये जाने पर कंपनी के प्रवर्तक सहित सभी शेयरधारकों की वर्तमान हिस्सेदारी में कमी आयेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को आज यह जानकारी देते हुये कहा कि इसके तहत कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी 35.8 प्रतिशत हो जायेगी। कंपनी के प्रवर्तकों वोडाफोन ग्रुप की हिस्सेदारी 28.5 प्रतिशत और आदित्य बिरला समूह की हिस्सेदारी 17.8 प्रतिशत रह जायेगी। कंपनी ने कहा कि ब्याज का शुद्ध वर्तमान मूल्य करीब 16 हजार करोड़ रुपये होने का अनुमान है और इस संबंध में दूरसंचार विभाग की जानकारी मिलनी शेष है। कंपनी ने कहा कि 14 अगस्त 2021 को उसके शेयर का औसत मूल्य अंकित मूल्य से कम था। इस संबंध में अंतिम पुष्टि दूरसंचार विभाग द्वारा किया जायेगा। पिछले वर्ष अक्टूबर में जारी टेलीकॉम राहत पैकेज में दूरसंचार कंपनियों के लिए वैधानिक नियमित भुगतान के लिए नये दिशा निर्देश जारी किये।

आईडीबीआई बैंक ने एआरआर के लिए शुरू की उत्पादों की पेशकश

नई दिल्ली (वार्ता)। आईडीबीआई बैंक ने सोमवार को घोषणा की कि उसने वैकल्पिक संदर्भ दरों (एआरआर) के लिए उत्पादों की पेशकश शुरू कर दी है और इस तरह उसने नियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप लंदन इंटर-बैंक ऑफ र रेट (एलआईबीओआर) को भी बदल दिया है।

बैंक ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि यह बदलाव 01 जनवरी 2022 से प्रभावी हो गया है। एआरआर में डॉलर लेनदेन के लिए सुरक्षित फाइनेंस रेट (एसओएफआर), जीबीपी लेनदेन के लिए स्टर्लिंग ओवरनाइट इंटरबैंक (सोनिया) शामिल हैं। उसने बताया कि बैंक ने पहले ही अपनी आईबीयू गिफ्ट सिटी शाखा और इंडिया ऑपरेशंस के माध्यम से एआरआर के लिए लेनदेन शुरू कर दिया है। बैंक ने एक बार फि र परिवर्तनों के अनुकूल ढलने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है और अपने ग्राहकों को उत्पाद श्रृंखला में बेहतर सेवाएं प्रदान करने का प्रयास जारी रखा है।

खेल

पीकेएल यात्रा में यूपी योद्धा और हरियाणा स्टीलर्स ने अब तक 4 बार एक-दूसरे का सामना किया

जीत की गति को बनाए रखना ही हमारा उद्देश्य : यूपी योद्धा हेड कोच

बेंगलुरू (वार्ता)। 15 अंकों के अंतर से बेंगलुरू बुल्स पर 42-27 के साथ शानदार जीत के दम पर और प्रो कबड्डी लीग के इतिहास में कुल 22 टैकल अंकों के साथ एक रिकॉर्ड बनाते हुए जीएमआर समूह की फ्रेन्चाइसी यूपी योद्धा 12 जनवरी को हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने का लक्ष्य लेकर चल रही है। यूपी योद्धा और हरियाणा स्टीलर्स दोनों के पास 20 अंक हैं, योद्धा जहां अंक तालिका में सातवें पायदान पर काबिज़ है वहीं स्टीलर्स उनसे एक पायदान नीचे आठवें स्थान पर हैं ।

अभी तक की पीकेएल यात्रा में यूपी योद्धा और हरियाणा स्टीलर्स ने अब तक 4 बार एक-दूसरे का सामना किया है, दोनों टीमों ने एक-दूसरे को दो-दो मौकों पर हराया है। हालांकि योद्धाओं के पास इस बात का फायदा है कि, न केवल उन्हें पीकेएल 7 में अपने आखिरी मुकाबले में स्टीलर्स को 37-30 से हराया था बल्कि 9 जनवरी को अपने आखिरी मैच में बेंगलुरू बुल्स पर जोरदार 42-27 जीत के साथ आत्मविश्वास से भरे हुए हैं जबकि स्टीलर्स पर 10 जनवरी को तमिल थलाइवाज के विरुद्ध मिली 26-45 की शिकस्त को भूल कर मैच में वापसी करने का दबाव होगा।

मैच से पहले यूपी योद्धा के मुख्य कोच, जसवीर सिंह ने कहा, बेंगलुरू बुल्स के खिलाफ हमारी जीत ने निश्चित रूप से हमारी टीम का मनोबल बढ़ाया है। प्रो कबड्डी लीग में हम जिस उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा का सामना करते हैं, उसे देखते हुए अंक तालिका में दूसरे स्थान की टीम के खिलाफ यह जीत हमारे लिए बहुत ज़रूरी थी और इससे हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। मैं पहले भी कह चुका हूँ कि मुझे टीम के प्रदर्शन के साथ कोई समस्या नहीं थी, हालांकि हमें ड्रॉ और करीबी हार वाले मुकाबलों को जीत में बदलने के लिए एक टीम के रूप में खेलना चाहिए था, और हमारा आखिरी गेम इस बात का प्रमाण है। आगे बढ़ते हुए हमारा एकमात्र उद्देश्य अपनी जीत की गति को बनाए रखना है और मुझे विश्वास है कि हमारी टीम हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ विजयी रथ चलाये रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

यूपी योद्धा का फ ौलादी डिफेंस आखिरी मैच में सबके सामने उभर कर आया था, जबकि टीम के अटैक और डिफेंस विभाग के बीच का तालमेल को देखना उससे भी अधिक सुखद था। श्रीकांत जाधव, सुरेंद्र गिल और मोहम्मद तघी हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ योद्धा की भिड़ंत में रेडर होंगे, जबकि स्टीलर्स को नितेश, सुमित और आशु के ठोस डिफेंस के सामने रेड करने के तरीकों को खोजने के लिए बहुत सारा काम करना होगा।

वॉशिंगटन सुंदर कोरोना संक्रमित

मुंबई (वार्ता)। भारतीय ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं, जिससे उनके दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 19 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के शुरुआती मैच में भाग लेने पर संदेह खड़ा हो गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सुंदर की जगह पर कोई रिप्लेसमेंट (प्रतिस्थापन) खिलाड़ी चुनेगा या नहीं, इसकी तत्काल कोई जानकारी नहीं है, लेकिन बीसीसीआई के पदाधिकारी ने मंगलवार को सुंदर के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि वह दक्षिण अफ्र ीका की यात्रा नहीं करेंगे। पदाधिकारी ने कहा, वह कुछ दिन पहले पॉजिटिव पाए गए थे और अब यह निर्णय लिया गया है कि वह वनडे टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगे। समझा जाता है कि वनडे टीम के अन्य सदस्यों के साथ सुंदर मुंबई में हैं, जहां से टीम बुधवार सुबह दक्षिण अफ्रीका के लिए उड़ान भरेगी।

उल्लेखनीय है कि सुंदर चोटों के कारण लगभग 10 महीनों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेले हैं। वह आखिरी बार मार्च 2021 में भारत के लिए खेले थे। वह हाल ही में ठीक हुए थे और विजय हजारे ट्रॉफी के लिए तमिलनाडु टीम का हिस्सा थे, जिसमें उन्होंने काफ ी अच्छा प्रदर्शन किया। परिणामस्वरूप उन्हें वनडे टीम में वापस बुलाया गया, हालांकि कोरोना संक्रमण के कारण उनकी अंतरराष्ट्रीय वापसी अस्थायी रूप से प्रभावित हो सकती है। चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा की ओर से रिप्लेसमेंट खिलाड़ी पर तो कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

10 साल पहले आज ही के दिन अस्तित्व में आया था मुंगेली जिला

अन्य जिलों से पिछड़ा रहा मुंगेली, विकास की राह ताक रहे जिलेवासी

सुशील शुक्ला/मुंगेली। 12 जनवरी 2012 को बिलासपुर से अलग होकर मुंगेली का उदय आज के ही दिन हुआ था। मुंगेली को जिला बनाने कठिन संघर्ष के बाद बिलासपुर से मुंगेली को अलग कर जिला घोषित किया गया। तब यह छत्तीसगढ़ का 21वां जिला बना। एक दशक बावजूद मुंगेलीवासी विकास की बांट जोह रहे हैं। जिले को आज भी अपने पुराने जिले बिलासपुर पर ही मोहताज रहना पड़ता है, जो अपने आप में जिलेवासियों के साथ एक छलावा है। 10 वर्ष पुराना जिला आज भी मूलभूत समस्याओं एवं विकास से कोसों दूर है। सड़क, बिजली, पानी जैसी समस्याएं आज भी इस जिले का पीछा नहीं छोड रही। शासन द्वारा करोड़ों रुपए विकास के नाम पर दी है किन्तु जिले में विकास केवल कागजों पर सिमट कर रह गया है। प्रशासनिक कसावट एवं राजनीतिक इच्छा शक्ति नहीं होने के कारण विकास जिले से कोसों दूर नजर आ रहा। आज भी ग्राम पंचायत एवं नगर पालिका सा प्रतीत होता है। जिला स्तर के लगभग 52 विभागों का दफ्तर खोला गया। किन्तु वर्तमान में अधिकांश कार्यालय में अधिकारी या तो प्रभारी या फिर रिक्त है। जिला बनने के बाद कलेक्ट्रेट में कर्मचारियों के लिए 60 पद स्वीकृत हुआ था जिनमें से वर्तमान में अधिकांश पद खाली है। जिसके लिए कई बार पद निकाले गये किन्तु भरे नहीं जा सकें। जिला बने आज पूरे एक दशक हो गए। इसके बाद भी यह जिला आवश्यक संसाधनों से जूझ रही। लोगों की मूलभूत सुविधाएं सड़क, पेयजल और शिक्षा की समस्या जस की तस है। अंग्रेजों के जमाने के सबसे पुराने तहसील को जिले के दर्जा प्राप्त होने के बाद नगरवासियों में जिले के विकास

संबंधी कल्पना की थी। किन्तु राजनीतिक इच्छा शक्ति एवं प्रशासनिक कसावट न होने के कारण शासन से मिले करोड़ों के आबंटन के बाद भी विकास केवल कागजों पर ही नजर आ रहा है। चाहे वह रेलवे का मुद्दा हो अथवा सिटी बस संचालन या फिर नगर में बहुप्रशिक्षित मांग आज भी आधे अधूरे है।

जिले से भी मंत्री बने

बिलासपुर से जब मुंगेली अलग होकर जिला बना तो नगर में उत्साह का माहौल रहा। लोगों के मन मे था की जिला बनने के बाद विकास गति चार गुना तेजी से बढ़ेगी और शुरुआत भी अच्छी रही। विधायक मोहले के मंत्री होने का लाभ और अनुभव काम आया और जिले का विकास तेजी से बढ़ने लगा लेकिन ये सिर्फ लगभग छह साल तक ही रहा फिर कांग्रेस की सरकार बनी भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बने और जिले के तीनों विधानसभा में से एक भी सीट कांग्रेस की झोली में नहीं आयी जिसके चलते व विधायक विपक्ष के होने के कारण तथा विधायक तथा जनप्रतिनिधियों ने कभी शहर को अपनी जिम्मेदारी समझा ही नहीं, यही वजह रही की जिले का विकास नजर ही नहीं आता।

सिटी बस की योजना अधर में

जिला बनने के बाद नगर का दायरा बढ़ा। नवागढ़ रोड स्थित साइंस कॉलेज, करही में स्थापित कलेक्टोरेट एवं धरमपूरा में स्थापित जिला पंचायत कार्यालय, लोरमी रोड पर स्थित आईटीआई कॉलेज तथा पंडरिया रोड पर स्थित कृषि महाविद्यालय तथा रामगढ़ के पास स्थित जिला चिकित्सालय की दूरी शहर से अधिक होने के कारण उक्त स्थानों पर जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अधिक खर्च कर के गनतव्य तक पहुंच पाते है लोरमी एवं पथरिया ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों से आये हुए लोगों को इन स्थानों पर जाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ती है। और धन भी अनावस्यक खर्च होते है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में सिटी बस का संचालन किया जा रहा है। जिससे समय के साथ-साथ खर्च भी कम लगता है। जिले में सिटी बस की घोषणा आज से लगभग दो वर्ष पूर्व कर दी गई है किन्तु इसका संचालन अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है।

60 हजार युवा बेरोजगार :

जिले में रोजगार के लिए संसाधनों की कमी है जिससे अब तक लगभग 60 हजार युवक-युवतियां रोजगार की तलाश में घूम रहे है। बेरोजगारी भत्ता का लाभ भी समय पर नहीं मिल पा रहा है। उद्योग, संसाधन, व्यवसाय के क्षेत्र में अब तक पिछड़ा हुआ है। मनरेगा के तहत रोजगार दिलाने में भी प्रशासन पिछड़ा हुआ है।

विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी

जिले में स्वास्थ्य सुविधा विस्तार के लिए शासन ने शहर सहित ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किये है। लेकिन आवश्यकतानुसार सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। जिला अस्पताल सहित अन्य क्षेत्रों में संचालित शासकीय अस्पतालों में एमबीबीएस डाक्टर तो हैं लेकिन वे भी अस्पताल नहीं पहुंचते। विशेषज्ञ डाक्टरों के अलावा अन्य स्टाफ के पद रिक्त है।

शिक्षा के लिए योजना नहीं

जिले में शिक्षा व्यवस्था अब तक सुधार नहीं कर पाई है। जिले में संचालित प्राथमिक से हायर सेकेण्डरी स्तर तक के स्कूलों में शिक्षकों के पद रिक्त है। विषयवार शिक्षकों का अभाव है। जिले में शासकीय स्कूलों में आधे से ज्यादा में प्राचार्यो के पद प्रभारी के भरोसे चल रहे। कॉलेजों में भी स्टॉफ की कमी है।

प्रभार के भरोसे कार्यालय

जिले के अधिकांश अधिकारी कार्यालयों में प्रभारी के पद पर है। कई अधिकारी दूसरे जिले के भी कार्यो का संचालन कर रहे हैं। जिससे न तो वो अधिकारी अपने मूल पद पर कार्य कर सकते हैं न जहां उन्हें प्रभार मिला है। जिसके चलते हितग्राहियों को अनेकों चक्कर काटने पड़ते है। अनेक शासकिय योजनाए भी प्रभावित होती है।

रेलवे लाइन भरी लंबित

वर्षो पुरानी मांग पर सांसद के पहल पर स्वीकृति तो मिल गई किन्तु इस कार्य को प्रारम्भ भी नहीं किया जा सका है। स्थानीय निवासी इसे चुनावी रेल घोषणा कह रहे है। अनुमती मिलने के पश्चात जमीन अधिग्रहण संबंधी कोई भी आदेश नहीं जारी किया गया है। कटघोरा से राजनांदगांव होते हुए डोंगरगढ़ जाने वाले इस रेल लाइन को लेकर अभी भी संशय की स्थिति बनी हुई है।

छोटा हाथी से कर रहे थे गांजे का अवैध परिवहन, 2 तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर पुलिस ने एक दफा फिर गांजे की एक बड़ी खेप पकड़ी है। छोटा हाथी वाहन में ओड़िशा से गांजा लेकर यूपी जा रहे दो तस्करों को दरभा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से पुलिस ने करीब 4 लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। दोनों आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। दरभा पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ लोगों द्वारा सुकमा की ओर से अवैध रूप से गांजा का परिवहन किया जा रहा। जिस पर दरभा टीआई शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में सउनि. प्यारेलाल पिद्दा, प्र. आर. अनिल कन्नौजे, आरक्षक हंसाराम मसराम, हरिश सोरी, रमेश मरकाम आदि की टीम गठित कर रवाना किया गया। उक्त टीम के द्वारा दरभा थाना के सामने मोबाइल चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग किया जा रहा था। इस दौरान एक संदिग्ध वाहन छोटा हाथी क्रमांक सीजी-12-एस-2998 को रोककर चेक किया गया। जिसमें दो व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम पिन्टु यादव एवं पवन कुमार गौतम दोनों निवासी उत्तर प्रदेश का होना बताया। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में 82 किलो गांजा मिला। उक्त गांजा मलकानगिरी से जगदलपुर होते हुए उत्तर प्रदेश लेकर जाने कि योजना होना बताया। आरोपियों के कब्जे से 82 किलो गांजा के अतिरिक्त एक छोटा हाथी वाहन, दो मोबाइल, 2630 रुपए नकदी एवं वाहन के कागजात बरामद कर जब्त किया गया।

पंजाब के सीएम व तात्कालीन डीजीपी पर एफआईआर दर्ज कराने कोतवाली पहुंची अजजा मोर्चा

मुंगेली/नवप्रदेश। 5 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंजाब दौरे में सुरक्षा की चूक मामले को लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने निंदा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा यह कहना कि प्रधानमंत्री के काफिले पर हमला तो नहीं हुआ है तथा यह राजनीतिक रंग है कहकर कांग्रेसियों के मन में देश के प्रधानमंत्री के खिलाफषड़यंत्र का भाव स्पष्ट प्रतित होता है। इन्ही षड़यंत्रकारियों के खिलाफ अनुसूचित जाति मोर्चा एफआईआर दर्ज कराने सिटी कोतवाली पहुंची। इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा या छायाप्रति के समक्ष सायं 2 से 4 बजे तक कोविड नियमों का पालन करते हुए काली पट्टी बाधंकर व विरोध स्वरूप स्लोगन की तख्ती लगाकर मौन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मानिकलाल सोनवानी, जिला अजा मोर्चा अध्यक्ष शिवकुमार बंजारा, राजेश कुर्रे, जगन्नाथ निषाद, भरतलाल बंजारा, उमाशंकर बघेल आदि उपस्थित रहे।

आदिवासी परिवार के जीवन स्तर में सुधार लाने में सफल हुआ मनरेगा

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन की प्राथमिकताओं के अनुसार वनाधिकार पत्रक धारी वनवासी परिवारों की आजीविका स्तर में सुधार के लिए निरंतर कार्य जारी है। इस कार्य में महात्मा गांधी नरेगा एक अहम भूमिका निभा रहा है। पहले केवल बारिश पर आधारित अपनी खेती करने वाले आदिवासी किसान परिवार के पास अब दोगुनी फसल का लाभ भी है और वह साल भर चलने वाली रोजगार की तलाश से भी दूर हो चुके हैं। ऐसे ही मेहनतकश किसान परिवार की सफलता का जीवंत उदाहरण हैं बुंदेली निवासी राय सिंह का परिवार। साल भर पहले तक पर्याप्त कृषि भूमि होने के बाद भी मनरेगा के अकुषल श्रम के लिए प्रयास करने वाले इस परिवार के पास अब अपने ही खेतों में काम करने के लिए समय कम पड़ने लगा है। इस मेहनत का परिणाम यह हुआ है कि इस परिवार की मासिक आय औसतन 10 से 12 हजार रूपए से ज्यादा हो चुकी है। सब्जी के उत्पादन से एक सीजन में ही यह परिवार 50 से 60 हजार रूपए कमाने लगा है। सिंचाई के संसाधन बन जाने के बाद इस किसान को कृषि विभाग की सहायता से 30 पाइप और एक पंप मिल गया है। इससे इनके खेतों में भरपूर सिंचाई की सुविधा हो गई है और अब यह परिवार पारंपरिक फसलों के अलावा बड़ी मात्रा में साग-सब्जी का उत्पादन करने लगा है। परिश्रम और जनहितकारी योजनाओं के संयोजन से मिली सफलता की यह कहानी है मनेन्द्रगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बुंदेली में रहने वाले आदिवासी किसान राय सिंह की। यहां इनका पांच सदस्यीय परिवार कई वर्षों से निवासरत है। राय सिंह बतलाते हैं कि पहले उनके पास वनाधिकार की 6 एकड़ भूमि थी जिसमें वह केवल बारिष आधारित धान की खेती ही किया करते थे। धान की फसल भी अवर्षा या मौके पर बारिश न होने के कारण मात्र 40 क्विंटल तक ही हुआ करती थी। इसे बेचकर ही इनके परिवार का दैनिक खर्च पूरा होता था। जीवन यापन के लिए इनका परिवार मनरेगा के अकुशल श्रम पर निर्भर रहता था। पहले यह अपने बाड़ी में दूर से पानी लाकर बहुत कम मात्रा में सब्जी उत्पादन करते थे। एक बार सब्जी बाजार में सब्जी बेचते हुए इन्हे जनपद में पदस्थ कार्यक्रम अधिकारी द्वारा महात्मा गांधी नरेगा के तहत बनने वाले कुंए के बारे में बताया गया। इन्होने ग्राम पंचायत के सरपंच से मिलकर अपने कागजात निकाले और कुंआ बनाने के लिए आवेदन ग्राम पंचायत को दिया। ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर इन्हे वर्ष 2019 में वन अधिकार पत्र की भूमि पर कूप निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो गई। ग्राम पंचायत को राय सिंह का कुंआ बनाने के लिए एक लाख अस्सी हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई। सही जगह का चयन करके इस परिवार ने फरवरी 2019 से अपने अन्य साथियों के साथ मनरेगा के तहत कूप निर्माण कार्य प्रारंभ किया। इस कार्य से इनके परिवार को 100 दिन का रोजगार भी प्राप्त हुआ और मजदूरी के रूप में 19 हजार रुपए का सीधा लाभ भी मिला। कुआं बन जाने के बाद उन्होंने कृषि विभाग से अनुदान में मिलने वाला सिंचाई पंप और पाइप ले लिए। इसके बाद उनकी खेती की सूरत ही बदल गई। पहले जहां इनके खेतों में 40 क्विंटल धान होता था इस बार इन्होंने 110 क्विंटल से ज्यादा धान का उत्पादन किया और उसे सहकारी साख समिति के माध्यम से बेचकर अच्छा खासा लाभ कमाया है। इसके अलावा राय सिंह बतलाते हैं कि कुंए से सिंचाई सुविधा मिलने के बाद उन्होने अपने तीन-चार एकड़ भूमि को साग सब्जी उत्पादन के लिए उपयोग करना प्रारंभ कर दिया है। वह अपने खेतों में आलू, गोभी टमाटर, भाजी का बड़े स्तर पर उत्पादन करके उसे स्थानीय बाजारों में हाथों हाथ बेच लेते हैं। श्री राय सिंह ने बताया कि खेती के इस काम में उनके परिवार के अलावा भाई के परिवार के सदस्य भी मदद करते हैं और मिलने वाले लाभ को आपस में बांटकर खुष हैं। एक सीजन में ही उनका परिवार 50 से 60 हजार रुपए की सब्जी बेच लेता है। राय सिंह कहते हैं कि हर सप्ताह वह लेदरी, बंजी और पाराडोल के साप्ताहिक बाजार में अपनी सब्जियां ले जाकर बेचते हैं आसानी से 12 से 15 सौ रूपए मिल जाते हैं। इस तरह से उनकी मासिक आय भी 12 हजार रूपए से ज्यादा हो जाती है।

73वां गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक और विभागीय झांकी कार्यक्रम रद्द

कांकेर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को गरिमामय ढंग से आयोजित किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों में प्रातः 7.30 बजे ध्वजारोहरण कर राष्ट्रगान गाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित की जाएगी, जहां पर मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। नोवल कोरोना के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किये जाएंगे और न ही विभागीय झांकी निकाली जायेगी। कलेक्टर की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित करने के संबंध में बैठक हुई, जिसमें अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये। परेड ग्राउण्ड की तैयारी लोक निर्माण विभाग द्वारा की जाएगी। साफ -सफ ई एवं स्वच्छता की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा तथा बांस बल्ली वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मैदान के चारों ओर फ्लेग पोल लगाकर रंगीन झण्डे लगाये जाएंगे। माईक की व्यवस्था अनुविभागीय अधिकारी ईएंडडीएम द्वारा किया जाएगा। विद्युत एवं जनरेटर की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा अन्य दायित्व भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सौंपे गये हैं। बैठक में अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीएन बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

केआईटी कालेज में बनेगा कोविड केयर सेंटर, सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर भीम सिंह ने जिले में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए कम लक्षण वाले कोविड मरीज और जिनके घरों में होम आईसोलेशन की सुविधा नहीं है एवं जो लोग होम आईसोलेशन के नियमों का पालन नहीं कर पा रहे है। ऐसे मरीजों के लिए कोविड केयर सेंटर बनाने हेतु सीएमएचओ डॉ. एसएन केशरी को निर्देशित किया था। कलेक्टर के निर्देशानुसार केआईटी कालेज को कोविड केयर सेंटर बनाये जाने को लेकर सीएमएचओ डॉ. एसएन केशरी ने कॉलेज का निरीक्षण किया। जहां नगर निगम को वहां की साफ-सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह आदिवासी विकास विभाग, वन, विद्युत एवं स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान सीपीएम डॉ. राकेश वर्मा सहित कालेज के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस पर जांजगीर में संसदीय सचिव राय करेंगे ध्वजारोहण

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस समारोह 2022 के अवसर पर जांजगीर में संसदीय सचिव चंद्रदेव प्रसाद राय मुख्य अतिथि होंगे। वे 26 जनवरी को जिला मुख्यालय जांजगीर में आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

राजधानी रायपुर में भी ...

जिसमें से अब तक 5 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वहीं इनमें से 1921 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं, वहीं 352 रिपोर्ट आना बाकी है। ओमिक्रोन मरीजों में भी दो अलग-अलग वेरिएंट पाए गए हैं। जबकि 135 लोग डेल्टा वेरिएंट के पाए गए हैं। डॉ. सुभाष मिश्रा ने कहा कि राहत की बात ये रही कि ओमिक्रोन के अब तक चारों मरीज ठीक हो चुके हैं।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में कोरोना के केस हर रोज चौंका रहे हैं। रायपुर जिले में सबसे अधिक नए केस की पुष्टि लगातार हो रही है। रायपुर में संक्रमण ने चार अंक पार कार लिया है। वहीं प्रदेश के कई जिलों में रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज मिल रहे हैं। लोगों में दहशत का माहौल है, बावजूद लोग बाजारों और भीड़-भाड़ वाले जगहों पर बगैर मास्क के घूमते भी नजर आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में रायपुर , दुर्ग, कोरबा और रायगढ़ में हालात बेकाबू होते जा रहे हैं।

रोजगार देने के मामले में ...

सीएम भूपेश के लोकवाणी में इस बयान के बाद पूर्व सीएम डॉ. रमन ने ट्वीट कर हमला बोला है। उन्होंने चुनौती देते हुए प्रदेश में इतनी बड़ी संख्या में जॉब्स नहीं मिलने का आरोप लगाया है।

बेमौसम बारिश से रबी ...

उन्होंने कहा कि सभी आरईओ को रबी फसल में बीमा कराने वाले के फसल का आंकलन करने के लिए आदेश दिए गए हैं ताकि फसलों के नुकसान का दावा बीमा कंपनी से किया जा सके।

निलंबित एडीजी जीपी...

इधर एसीबी की कार्रवाई के बाद निलंबित आईपीएस अफसर जीपी सिंह के खिलाफ राजद्रोह का भी मामला राजधानी के कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया था। इस छापेमारी के दौरान एसीबी को जीपी सिंह के निवास पर एक डायरी मिली थी। जिसमें तमाम लेनदेन का जिक्र था।

जीपी सिंह की खारिज हुई थी याचिका

सूबे के कई आला ओहदों में काम कर चुके निलंबित जीपी सिंह को सुप्रीम कोर्ट से तगड़ा झटका लगा था। एससी ने सिंह की गिरफ्तारी पर रोक लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया गया था। इस मामलें की सुनवाई चीफ जस्टिस ऑफ़इंडिया ने की थी। याचिका खारिज होने के बाद अब उनके पास सरेंडर करने के आलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा था। दरअसल जीपी सिंह ने हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर रोक और जांच पर स्टे नहीं मिलने से उच्चतम न्यायालय में याचिका दाखिल की थी।

सीएम भूपेश के पिता ने ...

आयोग और केंद्र सरकार का संवैधानिक कर्तव्य एवं दायित्व है कि वे चुनाव में मतदान तथा मतगणना की ऐसी पारदर्शी व्यवस्था लागू करें जिसका मूल्यांकन जनता और मतदाता स्वयं कर सकें। उन्होंने लिखा है, बैलेट पेपर और बैलेट बॉक्स चुनाव की ऐसी ही व्यवस्था है जो दुनिया के तमाम विकसित देशों में अपनाई जा रही है। वे देश तकनीक में हमसे बहुत आगे हैं, फिर भी अपने नागरिकों के विश्वास के लिए मतपत्र और मतदान पेटी से ही चुनाव कराते हैं। हमारे देश की संवैधानिक संस्थाएं लोकतंत्र में जनता का विश्वास कायम रखने में पूर्णतः विफल होती जा रही हैं और इस मामले में किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई करने को तैयार नहीं है।

लोकतंत्र के सबसे ...

संवैधानिक अधिकार का हनन किया जा रहा है, जिससे मेरे और देश के नागरिकों के सभी अधिकारों की रक्षा होती है।

कोरोना की चपेट में...

डॉक्टर्स ने बताया कि लता मंगेशकर को उम्र संबंधी भी समस्याएं हैं जिसका इलाज किया जा रहा है। उनकी भतीजी रचना ने कहा कि हमारी निजता का सम्मान करिए और उनके लिए प्रार्थना कीजिए। इससे पहले दिग्गज गायिका को नवंबर 2019 में सांस लेने में तकलीफ होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

फैंस कर रहे जल्द ठीक होने की दुआ : लता मंगेशकर के लिए सोशल मीडिया में दुआओं और प्रार्थनाओं का सिलसिला जारी है। अपने सात दशक लंबे करियर में लता मंगेशकर ने विभिन्न भाषाओं में 30 हजार से अधिक गीत गाए हैं। बता दें कि साल 2001 में उन्हें भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' दिया गया था। उन्हें साल 1989 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

मनरेगा मजदूर व महिला सशक्तिकरण संघ मड़वा संगठन का गठन

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। ग्राम मड़वा में मनरेगा में कार्यरत महिलाओं के द्वारा बैठक कर छत्तीसगढ़ मनरेगा मजदूर व महिला सशक्तिकरण संघ मड़वा संगठन का गठन किया। संगठन का उद्देश्य मनरेगा में काम करने वाले हर गांव के मजदूरों का शोषण को रोकने, साल भर में कम से कम दो सौ दिन रोजगार दिलाने, हर गावों का विकास कराने, हर गांवों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा व शिक्षा स्तर में सुधार, गावों में स्वास्थ्य सुविधाओं पर काम करना, हर गांव की महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना. महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे करना, समाज में उन्हें सम्मान दिलाना, आदि गांव की सभी समस्याओं को लेकर संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। संगठन गठन कार्यक्रम की अध्यक्षता एटक जिलाध्यक्ष सुधीर यादव ने किया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य एटक महासचिव हरिनाथ सिंह, अध्यक्ष भुवनेश्वर सिंह कंवर, उपाध्यक्ष श्याम बरेठ, न्यू प्रगतिशील आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ एटक अध्यक्ष नसीम बानो समेत अन्य की उपस्थिति रही।

कार्यालय नगर पंचायत-नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
Phone/Fax No. 07700-251887 Email-cmonagri84@gmail.com
क्र./1295/न.पं./लो.नि.वि./2021-22 नगरी, दिनांक 11/01/2022

// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार, संस्था, फर्मों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि
1.	शा.उच्च. माध्य. कन्या विद्यालय में समावेशी दिव्यांग शौचालय निर्माण	0.98 लाख	24.01.2022 (कार्यालयीन समय तक)

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की विस्तृत/सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालीयन अवधि में कार्यालय के लोक निर्माण विभाग शाखा स एवं विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.nic.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत-नगरी

न्यायालय तहसीलदार कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेस (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202102140600007/21-22
ग्राम- पटौद

एतद् द्वारा ग्राम पटौद के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोवर्धन सिंह शोरी पिता भादूराम जाति गोड़ निवासी पटौद द्वारा ग्राम पटौद स्थित भूमि ख.नं. योग 10 रकबा योग 1.95 हे. लगान 3.50 पैसा भूमि देवकुंवर बाई पिता सदाराम जाति गोड़ के नाम पर दर्ज है जिसे देवकुंवर बाई द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 22.07.2020 को आवेदक के पक्ष में वसीयतनामा निष्पादित किया है खातेदार देवकुंवर बाई की मृत्यु दिनांक 23.07.2020 को होने से वसीयत के आधार पर खाते में अपना नाम दर्ज करवाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो स्वयं या आम मुख्तियार नामे से दिनांक 12.01.2022 के पूर्व प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.12.2021 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
कांकेर

न्यायालय ना. तहसीलदार धनोरा तह. केशकाल जिला कोण्डागांव छ.ग.
रा.मा.क्र./01/अ-21/2021-22
साकिन धनोरा, तहसील केशकाल

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दलसिंह पिता कुलदीप जाति गांडा साकिन धनोरा तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव छ.ग. द्वारा न्यायालय कलेक्टर जिला कोण्डागांव में आवेदन प्रस्तुत किया है कि अपने नाम पर ग्राम धनोरा प.ह.नं. 06 धनोरा तहसील जिला कोण्डागांव स्थित भूमि स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 299/46 रकबा 0.1010 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को क्रेता वली मो. पिता अब्दुल करीम जाति मुसलमान साकिन धनोरा तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव के पास विक्रय करना चाहता है। भूमि विक्रय की अनुमति आवेदन पत्र जांच हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 27/01/2022 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10/1/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

सील
ना. तहसीलदार
धनोरा

कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष (जिला निर्माण समिति) जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण //

एन.आई.टी. क्रमांक 26/जि.नि.स./निविदा/2021-22 कोण्डागांव, दिनांक 07.01.2022

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से कार्यालय जिला निर्माण समिति कोण्डागांव के कार्यालय में दो लिफाफा पद्धति से मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.06.2015 से प्रचलित व प्रभावशील दर अनुसूची एवं प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर (छ.ग.) के द्वारा जारी भवन-सड़क- पुलिया निर्माण कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 तथा विद्युतीकरण कार्य हेतु दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची निविदा आमंत्रित तिथि तक संशोधित दर अनुसूची पर निविदा प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत के आधार पर दर निम्नांकित कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत टेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है।

01. कार्यालय में निविदा लिफाफे प्राप्ति की अंतिम तिथि- 22/01/2022 संध्या 5.00 बजे तक।
02. कार्यालय में निविदा लिफाफे खोले जाने की तिथि - 24/01/2022 प्रातः 11.30 बजे।

टेण्डर क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (राशि रु. लाख में)	टीप
1	2	3	4
26	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य विश्रामपुरी विकासखण्ड बड़ेराजपुर।	31.44	प्रथम आमंत्रण
26	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य माकड़ी विकासखण्ड माकड़ी।	31.44.	प्रथम आमंत्रण
26	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य फरसगांवप विकासखण्ड फरसगांव।	31.44	प्रथम आमंत्रण

टीप :- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) एवं अन्य जानकारियां कार्यालीयन अवधि में कार्यालय- जिला निर्माण समिति, जिला कोण्डागांव में अथवा ऑनलाईन kondagaon.gov.in वेबसाइट में दिनांक 07.01.2022 से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-66671/5

कलेक्टर एवं अध्यक्ष
जिला निर्माण समिति
जिला कोण्डागांव

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर फ्लैट नंबर 103, प्रथम तल, वर्मा एग्जोटीका, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा*
डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन नंबर : 9165929029

भाजयुमो ने फुटपाथ व्यवसायियों के समर्थन में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सूरजपुर/नवप्रदेश। बीते शुक्रवार को नपा सीएमओ ज्योत्सना टोप्पो व उनकी पूरी टीम द्वारा शहर के हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड, अग्रसेन चौक, पुराना हॉस्पिटल, जिला न्यायालय, रेस्ट हाउस, अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय व तहसील कार्यालय के समीप सड़क के दाएं व बाएं और सड़क से लगे नाली के ऊपर फुटपाथ में फल, सब्जी, चना-मूंगफली, गर्म वस्त्र, जूता-चप्पल, मोची, रोजमर्रा की चीजें, सिजनी वस्त्र एवं अन्य वस्तुओं के विक्रेताओं को एकाएक बिना किसी सूचना अथवा नोटिस के हटाए जाने उनके सामानों को जबरन बलपूर्वक हटाने व उठाने के साथ-साथ सामान जप्त करने की कारवाही की गई थी।

इस संबंध में व्यवसायियों के द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल, सीएमओ ज्योत्सना टोप्पो सहित शहर के जिम्मेदारजनों से अपने बच्चों और परिवार के भरण-पोषण करने व रोजी-रोटी छिन जाने की बात को लेकर सहयोग की अपेक्षा से बात करने की कोशिश की परंतु किसी ने उन व्यवसायियों की एक न सुनी जब यह बात भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल के माध्यम से भारतीय जनता युवा मोर्चा सूरजपुर मंडल के प्रतिनिधियों के पास पहुंची तब भाजयुमो शहर महामंत्री संस्कार अग्रवाल ने व्यवसायियों को लेकर जिले के कलेक्टर से मिलकर पथ व्यवसाइयों की समस्या से अवगत कराया और उचित समाधान की मांग रखी।

इस दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए समस्त फुटपाथ व्यवसायियों के साथ संयुक्त कार्यालय भवन कलेक्ट्रेट पहुंचकर अधिकारियों के समक्ष छोटे-छोटे व्यवसायियों की समस्या को विस्तार से रखा जिस पर अधिकारियों ने विषय को गंभीरता से समझते हुए जल्द ही उचित समाधान करने की बात का आश्वासन ही नहीं भरोसा भी दिलाया। इस दौरान भाजयुमो शहर महामंत्री संस्कार अग्रवाल, पंकज सोनी, विकास साहू, रंजन सोनी, इमरान अंसारी, प्रेम गुप्ता, विशाल गुप्ता, हरिओम मिश्रा, जुनेद अंसारी, अनवर अंसारी, लक्ष्मी गोस्वामी, लवलेश सिंह, अरविंद सिंह, जय राम मोची, विपिन चटर्जी, अबरार अली, रोशन अंसारी, पवन गुप्ता, विनोद गुप्ता, बबलू प्रजापति, रवि गुप्ता, सफउल्लाह, ईश्वर प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, इरशाद अंसारी, बबलू, गोलू गुप्ता, इश्तियाक अहमद, बिलाल अंसारी सहित काफी संख्या में पथ व्यवसाई उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने किया सीएचसी विश्रामपुर में बन रहे कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर गौरव सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ राहुल देव ने कोरोना की तीसरी लहर एवं ओमिक्रोन के प्रसार नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए बिश्रामपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बनाए गए कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण किया तथा केयर सेंटर में बेड व्यवस्था, टॉयलेट, पानी, मेडिसिन की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर व्यवस्थाएं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए जिससे आवश्यकता पड़ने पर प्रयोग किया जा सके। उन्होंने परिसर में बनाए जा रहे हैं मीटिंग हॉल, एक्स-रे रूम, स्टोर रूम का निरीक्षण किया तथा साफसफाई कर व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण

कलेक्टर ने बिश्रामपुर क्षेत्र में बढ़ते संक्रमण को देखते हुए एसईसीएल ग्राउंड हॉल में बनाए जा रहे बनाए जा रहे हैं कोविड केयर सेंटर का भी अवलोकन किया। उन्होंने परिसर को साफसफाई करने, पानी व्यवस्था, कंसंट्रेटर, डॉक्टरों की व्यवस्था, मेडिसिन व्यवस्था एवं हॉल में एंट्री के द्वार बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिश्रामपुर बीएमओ को नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य सुविधाएं एसईसीएल से समन्वय कर व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने करोना के बचाव के लिए सीसीटीवी नगर लगाने के लिए भी कहा है।

ज्ञानोदय मुक बधिर छात्रावास भी पहुंचे

कलेक्टर ने कोरोना संक्रमण बचाव के लिए आपातकालीन परिस्थिति में उचित व्यवस्था हो सके उसके लिए उन्होंने आज विश्रामपुर स्थित ज्ञानोदय मुक बधिर छात्रावास का निरीक्षण किया तथा छात्रावास संचालक को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए में आपातकालीन परिस्थिति में छात्रावास उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने छात्रावास में मेडिकल टीम की व्यवस्था, मेडिकल से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने विश्रामपुर बीएमओ को निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कला केंद्र का किया निरीक्षण

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ राहुल देव ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, कला, पारंपरिक परंपरा, विभिन्न रीति रिवाज के विलुप्त हो रहे कलाकृतियों को संकलित कर रखने के लिए सूरजपुर में बनाए जा रहे कला केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विलुप्त हो रहे कलाकृतियों संकलित कर कला केंद्र में संजो कर रखने विशेष व्यवस्था बनाए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ की संस्कृति परंपरा को बढ़ावा देने के लिए सूरजपुर नगर में बनाए जा रहे कला केंद्र में पारंपरिक रीति-रिवाजों को जीवित रखने के लिए युवाओं को संगीत के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कला केंद्र स्थापित किया जा रहा है जिसमें म्यूजिक, गीत रिकॉर्डिंग, क्लासेस तथा पेंटिंग कार्य भी सिखाया जाएगा जिसमें रोजगार के साथ विभिन्न कलाओं को सीखने का अवसर भी प्राप्त होगा। इस दौरान उन्होंने कला केंद्र में लाइटिंग व्यवस्था करने के लिए भी निर्देशित किया है।

वहीं अरुणोदय कोचिंग सेंटर में कोचिंग कर रहे छात्रों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बनाए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन किया तथा छात्रों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसे ध्यान में रखकर गुणवत्तापूर्ण कार्य कर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने परिसर में बन रहे हॉल, गर्ल्स हॉस्टल, लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया तथा हॉल में निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने लाइब्रेरी में पर्याप्त पुस्तक रखने की व्यवस्था, फर्नीचर, बिजली आदि व्यवस्थित रख ने कहा है। उन्होंने कोचिंग सेंटर कर रहे छात्राओं के लिए बन रहे कन्या छात्रावास का भी अवलोकन किया तथा बेड व्यवस्था, शौचालय, पानी व्यवस्था एवं पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में बन रहे हॉल के लिए गेट बनाने कहा।

किसानों को कृषि वैज्ञानिकों ने दी समसामयिक फसल लेने की सलाह

कांकेर/नवप्रदेश। भारत मौसम विज्ञान विभाग रायपुर तथा कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर द्वारा जारी मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आगामी कांकेर जिले के कुछ स्थानों पर वर्षा हो रही है तथा 12 जनवरी तक हल्की वर्षा होने की संभावना है, आसमान में आंशिक रूप से बादल छाये रहने के साथ अधिकतम तापमान 28.0-29.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 12.0-13.0 डिग्री सेंटीग्रेड, सुबह की हवा में 85-91 प्रतिशत आर्द्रता और शाम की हवा में 35-57 प्रतिशत आर्द्रता और आने वाले दिनों में हवा दक्षिण-पूर्व दिशा 2.0-4.0 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है। विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू ने समसामयिक सलाह देते हुए कहा कि तेज़ ठंडी हवाएं और कोहरे का असर ना सिर्फ इंसानी जीवन पर पड़ता है, बल्कि यह फसलों के लिए भी बहुत नुकसानदायक होता है। बदलते मौसम की वजह से आलू, टमाटर, चना और मटर जैसी सब्जियों पर रोगों का खतरा मंडराने लगा है।

इसके लिए किसानों को समय पर सावधानी बरतनी होगी, दरअसल तापमान में गिरावट और वातावरण में अत्यधिक नमी की वजह से फसलों पर झुलसा रोग लगने की संभावना बढ़ गई है। इस रोग से टमाटर, आलू, बैंगन, सरसों, चना, मसूर आदि की पत्तियां झुलस जाती हैं, ऐसा लगता है कि पत्तियां जल गई हों, इस झुलसा रोग लगने से फसलों का उत्पादन भी प्रभावित होने लगता है, इसके नियंत्रण के लिए कापरआक्सी क्लोराईड 1.5 मिली लीटर प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिडकाव करें।

चने की फसल में लगने वाली चने की इल्ली सबसे खतरनाक कीटों मे से एक है। आम तौर पर चने की इल्ली के प्रकोप से फसल की पैदावार में 15 से 20 प्रतिशत तक कमी आती है। बादल छाये रहने पर इसका प्रकोप बढ़ने पर 80 प्रतिशत तक फसल नष्ट हो जाती है। इस कीट का लार्वा पत्तियों के हरे भाग को खाता है बड़ी इल्लियां पत्तियों एवं फलियों में छेद करके अंदर के दानों को खती है, जिससे फलियां अंदर से खोखली हो जाती है और पैदावार में कमी आती है।

दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों, कर्मचारियों के लिए वेतन की दरें निर्धारित

कोरिया/नवप्रदेश। कलेक्टर श्याम धावडे ने छत्तीसगढ़ राज्य में प्रभावशील न्यूनतम वेतन अधिनियम 1946 की धारा 2 (घ) में निहित प्रावधान सह पठित श्रम विभाग की अधिसूचना अनुसार उल्लेखित दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों, कर्मचारियों के लिए वेतन की दरें संपूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए मासिक, दैनिक वेतन दरें निर्धारित कर दी हैं। यह दरें 01 अक्टूबर 2021 से 31 मार्च 2022 तक के लिए देय होंगी। उन्होंने अनुसूची क में अकुशल कृषि श्रमिकों तथा अनुसूची ख एवं ग में अकुशल, अर्धकुशल, कुशल व उच्चकुशल श्रमिकों के लिए जोनवार दरें निर्धारित की हैं।

नैन अजगल्ले को डॉक्टर की उपाधि परिवारजनों में हर्ष का माहौल

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। बिलासपुर. पं सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने शोधार्थी सुश्री नैन अजगल्ले को शोध उपाधि प्रदान करने अधिसूचना जारी की है। कुलपति ने इनके शोध की सराहना की है शोध मौखिकी परीक्षा के आधार पर कार्यपरिषद की ओर से कुलपति द्वारा सुश्री नैन अजगल्ले के द्वारा प्रस्तुत शोध प्रबंध को स्वीकार करते हुए मौखिकी परीक्षा की तिथि से इन्हें पं सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर की डॉक्टर ऑफ फिलासफी उपाधि प्रदान करने के लिए पात्र घोषित किया है। इनके शोध प्रबंध का शीर्षक मालखरौदा विकासखण्ड में ग्राम पंचायतों की स्थिति का पंचायती राज की सक्रिय व्यवस्था है इनके शोध निर्देशक डॉ. अरूधंती शर्मा

विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र सीएमडी महाविद्यालय बिलासपुर हैं। डॉ सुश्री नैन अजगल्ले ने बताया डॉ शर्मा के निर्देशन में उनकी थीसिस को पूरा करने में कामयाबी मिली है। डॉ सुश्री नैन अजगल्ले जांजगीर-चांपा जिले के मालखरौदा की निवासी है वे पेशे से वकील है इसके साथ ही छग प्रदेश कांग्रेस कामेटी की सचिव, महिला कांगेस कामेटी की उपाध्यक्ष साथ ही मालखरौदा अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष भी है। वहीं पूर्व जिपं सदस्य भी रही है। डॉ अजगल्ले बचपन से ही शिक्षा को काफी महत्व देती आई है। उनकी खास उपलब्धि को लेकर उनके शुभचिंतक डॉ देवेन्द्र शुक्ला परिवार से पुष्पेन्द्र सिंह अजगल्ले, प्रकाश भूषण भारद्वाज ,जितेन्द्र सिंह अजगल्ले, केशव प्रसाद अजगल्ले, प्रिया अजगल्ले सहित जिले में हर्ष का माहौल है। वहीं डॉ अजगल्ले का कहना है शिक्षा से ज्यादा मूल्यवान कोई चीज नहीं है इसे केवल परिश्रम के द्वारा ही पाया जा सकता है, इसलिए परिश्रम करना कभी ना छोड़े।

कलेक्टर ने किया ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

जांजगीर-चाम्पा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले के ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र शुक्ला द्वारा किया गया। यह निरीक्षण राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस में रखे मशीनों के रख-रखाव एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी, कृष्णकांत चन्द्रा जिलाध्यक्ष भाजपा, हरदेव टण्डन, संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारीगण एवं पुलिस सुरक्षा बल के कर्मी उपस्थित थे।

15 से 18 वर्ष के छात्रों को लगा कोरोना का पहला डोज

जांजगीर चाम्पा/नवप्रदेश। हरिराम गट्टानी जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित दो दिवसीय कोविड -19 टिकाकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम चरण में 15 से 18 वर्ष के छात्र-छात्राओं को टीकाकरण की पहली डोज लगाई गई। प्रथम चरण के टीकाकरण कार्यक्रम में कक्षा नवमीं एवं दसवीं के छात्र-छात्रा सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी लहरे एवं उनके सहयोगी कर्मचारी गण उपस्थित रहें। संस्था प्रमुख द्वारा पूर्व घोषणा में छात्र-छात्राओं को कोविड वैक्सिनेशन कार्यक्रम की जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई थी।

कन्दरई के छात्रों ने कराया वैक्सीनेशन

सूरजपुर/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्दरई में 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं का वैक्सीनेशन किया गया। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ शासन के स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार विद्यालय के प्राचार्य लखन लाल सोनकर के संरक्षण एवं बीएमओ डाक्टर प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन, स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं यूनिसेफ और एनएसएस द्वारा गठित ब्लू ब्रिगेड की टीम द्वारा 03 जनवरी से शिविर लगाकर कोविड टीकाकरण कार्य किया जा रहा। वैक्सीनेशन को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह रहा। पांच दिन में 582 छात्र-छात्राओं का कोविड टीकाकरण किया गया। शिविर में विद्यालय के 15 से 18 आयु वर्ग के 81 प्रतिशत छात्र-छात्राओं का वैक्सीनेशन हो चुका है। शेष बचे छात्र, छात्राओं का वैक्सीनेशन कार्य आगे जारी रहेगा। कोविड टीकाकरण शिविर को सम्पन्न करने में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कन्दरई के डॉ पीपी खलखो, आरएचओ रामनरेश प्रजापति, एएनएम रुपकुमारी राजवाड़े, कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह, लक्ष्मी प्रसाद पाली परवेज खान,अनिल राजवाड़े सतीश सहित समस्त शिक्षक, स्वयंसेवक सुभाष सिंह, प्रमोद यादव, मानिकचन्द, चांदनी, खुलेश्वर, मानमती, सावित्री, रामेश्वरी, सुरमेश्वरी का विशेष योगदान रहा।

बूस्टर डोज शुरू, फ्रंटलाइन वर्करों के साथ 60 वर्ष से अधिक लोगों को लगा रहे टीका

दोनों टीका लगवाने वालों को ही बुस्टर डोज

जिन हितग्राहियों ने पहला और दूसरा डोज लगवाया है उन्हें ही यह डोज लगेगा, इसके लिए व्यक्ति अपनी पहली, दूसरी डोज के समय उपयोग किए गए आईडी प्रूफ का उपयोग करेगें। जिन हितग्राहियों को को-वैक्सीन का टीका लगा है, उन्हें बुस्टर डोज में को-वैक्सीन का ही टीका लगाया जायेगा। साथ ही जिनको कोविशील्ड का टीका लगाया गया है, उन्हें बुस्टर डोज का टीका कोविशील्ड का ही लगेगा। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से अपील की गई है, की संबंधित हितग्राही जिन्हें बुस्टर डोज लगना है वह तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर बुस्टर डोज लगवाये।

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले के समस्त हेल्थ केयर वर्कर और फ्रंटलाईन वर्कर सहित 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को लगाया जाने वाला एहतियाती डोज आरम्भ हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह के साथ जिला चिकित्सालय सूरजपुर के चिकित्सक एवं अन्य अस्पताल कर्मचारियों ने भी एहतियाती डोज लगवाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्रदेश सहित जिला में भी चिकित्सा स्टॉफ , फ्रंटलाइन वर्कर और 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों को कोरोना से बचाव के लिए तीसरी डोज दी जा रही है, जिसे बुस्टर डोज कहा गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ. अजय मरकाम ने बताया कि इस श्रेणी में आने वाले ऐसे व्यक्ति जिनकी दोनों डोज पूर्ण हो चुका है यथा उनको 09 महिने या 32 सप्ताह बीत चुके है, वे लोग इसे लगवा सकते है। इसके लिए चयनित हितग्राही ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट कर सकते है अथवा टीकाकरण साइट पर जाकर सीधे टीका लगवा सकते है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों से किसी प्रकार का कोई सर्टिफिकेट नहीं लेना है, किन्तु चिकित्सक से सलाह लेना अनिवार्य है।

उपार्जन केंद्रों में धान को भीगने से बचाने तिरपाल और कैप कवर से ढका गया

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले के सभी 55 धान उपार्जन केंद्रों में किसानों से खरीदे गये धान को बेमौसम बारिश से बचाने के लिए तिरपाल और कैप कव्हर से ढककर सुरक्षित कर लिया गया है। मौसम विभाग द्वारा पश्चिमी विक्षोप के कारण जिले के कुछ स्थानों पर बेमौसम बारिश की संभावना जताई है।

इसके बाद कलेक्टर रानू साहू ने खरीदी केंद्रों में रखे धान को भीगने से बचाकर सुरक्षित रखने के लिए सभी इंतजाम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र प्रभारियों और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी जिले में उपार्जन केंद्रों की सत्त मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने धान खरीदी से जुड़े

सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने को कहा है। कलेक्टर ने अधिकारियों को धान खरीदी, खरीदे गये धान की सुरक्षा, परिवहन या रख-रखाव में किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। जिले के सहकारी बैंक नोडल अधिकारी एसके जोशी ने बताया कि बेमौसम बारिश की संभावना को देखते हुए सभी 55 समितियों में जरूरी व्यवस्थाएं पहले ही कर ली गई है। धान उपार्जन केंद्रों में पक्के चबूतरों पर धान को तिरपाल और कैप कवर से ढंककर रखा गया है। धान की समुचित स्टैकिंग कर ली गई है। खरीदी केंद्रों में बारिश के पानी का भराव रोकने के लिए डेऊनेज के इंतजाम किये गये हैं। धान में नमी का स्तर नियंत्रित रखने के लिए स्टैकिंग से पहले सबसे नीचे दो परत भूसे भरे बोरों की लगाई गई है। जिले के सभी 55 खरीदी केंद्रों में अब तक खरीदे गये धान को सुरक्षित रखने के पूरे उपाय पिछले दो दिनों की छुट्टियों के दौरान सुनिश्चित कर लिए गये हैं। जिले में किसानों से खरीदा गया पूरा धान सुरक्षित कर लिया गया है।

52 परियों के साथ 24 गिरफ्तार, 26 बाइक, एक कार सहित 2.55 लाख जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में 52 परियों की महफिल सजाने वाले जुआरियों को पुलिस टीम ने रंगे हाथ दबोचा है। पुलिस ने 24 जुआरियों के साथ, 26 बाइक, एक कार सहित 2.55 लाख रुपए जब्त किए हैं। इस कार्रवाई में अलग-अलग थानों के स्टाफ और लाइन से बल मंगवा गया था। पुलिस जुआरियों को पकड़ने के लिए तिरपाल लगे मेटाडोर से पहुंची थी। जिले के सरहदी क्षेत्र में लंबे समय से जुआरियों की महफिल सजने की खबर मिल रही थी। इसके बाद एसपी पारुल माथुर के निर्देश पर टीम बनाकर जुआरियों की घेराबंदी की गई। थाना प्रभारी फैजूल होदा शाह के नेतृत्व में रेड कार्रवाई में पुलिस ने दो दर्जन जुआरियों के पास से 2.55 लाख नकद, समेत 26 बाइक और 1 कार को जब्त किया है। मिली जानकारी के मुताबिक कई दिनों से थाने क्षेत्र से सटे ग्राम नगरौडी एवं हरदी सीमा पर बावन परियों की महफि ल सजने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। शहर के आदतन जुआरी पल्ला उर्फ विरेन्द्र आटले तथा सोनू खटीक के द्वारा बाहर से जुआ खेलने वालों को बुलवाकर जुए का फड़ लगाया जा रहा था। नए एसपी के आने के बाद जुआरियों पर यह बड़ी कार्रवाई है।

सादी वर्दी में पहले पुलिस को भेजा। एसआई फैजूल शाह ने बताया कि पुलिस टीम को पहले सादी वर्दी में मौके पर तस्दीक के लिए लगाया गया था। जहां जुए का फड़ सजा था टीम वहां तक पहुंची।

जुआरियों ने पुलिस की सूचना देने के लिए प्वाइंटर भी तैनात कर रखे थे। सादी वर्दी में पहुंची पुलिस ने पहले प्वाइंटरों को पकड़ा और फिर पुख्ता सूचना होने पर रेड की कार्रवाई की गई। चारों तरफसे घेराबंदी कर 24 जुआरियों को पुलिस ने जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। जुआ खेलने बिलासपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के जुआरी पहुंचे थे। सभी के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

बीएसएफ में दो हजार 7088 पदों पर भर्ती, महिलाएं भी कर सकेंगीं आवेदन

कोरबा/नवप्रदेश। भारत सरकार गृह मंत्रालय के आधीन कार्यरत सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ में दो हजार 788 आरक्षक, ट्रेडमैन के पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए गृह मंत्रालय द्वारा ऑनलाईन आवेदन मंगाये गये हैं। स्वीकृत पदों में से दो हजार 651 पदों पर पुरूष और 137 पदों पर महिला अभ्यर्थियों की भर्ती की जायेगी। अभ्यर्थी बीएसएफ की वेबसाईट https//rectt.bsf.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। बीएसएफ में आरक्षक, टेऊ्समेंन के मोची, दर्जी, रसोईया, नाई, बढ़ई, पेंटर, इलेक्ट्रिशियन, मानचित्रकार, माली, सफाई कर्मी आदि विभिन्न टेऊ्र पर भर्ती की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा स्वीकृत पे मैट्रिक्स लेबल 3 अनुसार 21700-69100 रूपये के वेतनमान पर समय-समय पर स्वीकृत भत्तों सहित वेतन मिलेगा। इन भर्तियों में शामिल होने के लिए आवेदकों की आयु 01 अगस्त 2021 को 18 से 23 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और दूसरे विशेष वर्ग के लोगों के लिए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों अनुसार आयु सीमा में छूट दी जायेगी। भर्ती के लिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास होना निर्धारित की गई है। इसके साथ ही संबंधित ट्रेड में दो साल का कार्य अनुभव या संबंधित ट्रेड में एक साल का आईटीआई सर्टिफिकेट कोर्स और एक साल का कार्य अनुभव या संबंधित ट्रेड में मान्यता प्राप्त आईटीआई से दो साल का डिप्लोमा कोर्स भी उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

स्कार्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरायी, चार पुलिसकर्मी घायल

कोरबा/नवप्रदेश। वाराणसी और झारखंड को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे संया 130 में हादसों का सिलसिला जारी है। अलग-अलग कारणों से हाईवे पर दुर्घटनाएं हो रही है। मंगलवार सुबह जिला मुख्यालय से 90 किलोमीटर दूर हुई दुर्घटना में 4 पुलिस कर्मियों को सामान्य चोट आई। संबंधितों को प्राथमिक चिकित्सा दिलाई गई है। दर्री थाना के पुलिस कर्मियों को लेकर लौट रहा स्कार्पियो वाहन मोरगा के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सुबह 6 बजे हुई दुर्घटना में महिला एएसआई अनिता खेस, महिला आरक्षक शीतला, आरक्षक हृश्वयारे और वाहन चालक को सामान्य चोटें आई हैं। खबर मिली कि दर्री क्षेत्र की अपचारी नाबालिग लड़की को न्यायालय के आदेश पर अबिंकापुर बालिका संप्रेक्षण गृह पहुंचाने के लिए यह दल निजी वाहन से गया हुआ था। नाबालिग को छोड़ कर ये लोग वापस लौट रहे थे कि अनियंत्रित वाहन सड़क से उतर कर पेड़ से टकरा गई। घटना में वाहन में सवार पुलिस कर्मियों को मामूली चोट आई। स्थानीय स्तर पर सूचना देने के साथ पीड़ितों को अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनकी चिकित्सा की गई और छुट्टी कर दी गई। टीआई दर्री थाना ने बताया कि लंबी दूरी का सफर करने के साथ पुलिसकर्मी लौट रहे थे। मोरगा क्षेत्र में आवाजाही के दौरान चालक को एकाएक झपकी आने से वाहन सड़क से उतरकर पेड़ से जा टकराया। संबंधितों को सामान्य चोटें आई है।

जंगल में मिली महिला की लाश, हत्या की आशंका

कोरबा/नवप्रदेश। लबेद के जंगल में एक महिला की लाश मिली है। प्रथम दृष्टया गला घोंट कर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही। आसपास के लोगों से मृतका की पहचान कराने की कोशिश की गई, पर पुलिस की कामयाबी नहीं मिली। श्यांग थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लबेद गांव में सोमवार को सुबह मवेशी लेकर चराने निकले कुछ किशोरों की नजर महिला की पड़ी लाश पर गई। वापस लौट कर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना श्यांग पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी प्रेमनाथ बघेल ने जांच पड़ताल शुरू की। वेशभूषा देख कर मृतका शहरी क्षेत्र की रहने वाली प्रतीत हो रही। नीले रंग के सलवारसूट में मिली महिला की उमर 28 से 32 वर्ष के बीच की होने की संभावना है। गले में गहरे निशान मिले हैं, साथ ही गले की हड्डी टूट जाने की संभावना नजर आ रही। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि किसी ने बेरहमी से गला घोंट कर हत्या करने के बाद शव को छोड़ कर भाग खड़ा हुआ। गांव के सरपंच के अलावा आसपास के लोगों को मौके पर बुला कर मृतका की पहचान कराने का प्रयास किया गया, पर कोई उसे पहचान नहीं सके। पुलिस ने तस्वीर लेकर इंटरनेट मीडिया समेत पुलिस के ग्रुप में अपलोड किया गया है, ताकि जिनके घर से महिला लापता हो, वे उसकी पहचान कर सकें। इसके अलावा पुलिस ने इस उम्र की लापता महिलाओं की सूची भी जिले समेत अन्य जिलों के थाना से मंगाया है। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामला पंजीबद्ध किया है।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत होने की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज की गई है। कमलेश वर्मा पिता प्यारेलाल वर्मा 38 वर्ष ग्राम सिलतरा थाना धरसीवा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 10 जनवरी को वे और उनका साढू अलग–अलग बाइक से परिवार समेत ग्राम मूंगाडीह से वापस सिलतरा धरसींवा आ रहे थे। तभी शाम साढ़े 4 बजे अज्ञात वाहन ने एनएच 30 मार्ग पर साढू वेदराम वर्मा पिता सुकलाल वर्मा 42 साल ग्राम देवादा पाटन को ठोकर मार दिया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ धारा 304, 279 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

पुलिस परिवार के नेताओं को प्रतिबंधात्मक धाराओं में भेजा जेल

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस परिवार आंदोलन के दौरान सड़क जाम व बलवा करने के मामले में आंदोलनकारियों के खिलाफ पुलिस ने देर रात एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने रायपुर के रिंगरोड स्थित कुशालपुर चौक पर चक्काजाम करने वाले नेताओं के खिलाफ चक्काजाम, बलवा और शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित शासकीय सेवक पर हमला करने की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। डीडी नगर थाना पुलिस ने देर रात राकेश यादव और अन्य के खिलाफ नेशनल हाईवे जाम करने और बलवा करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। साथ ही करीब 1 घंटा रास्ता जाम करने के बाद रास्ते से हटने के लिए समझाईश देने गई महिला अधिकारी के साथ मारपीट करने वाले अज्ञात आंदोलकारियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और शासकीय सेवक पर हमला करने की धाराओ में मामला दर्ज किया है।

बिना मास्क वालों से पांच लाख से अधिक की वसूली

रोको और टोको से रोकने की कोशिश

रायपुर/नवप्रदेश। कई गुना तेजी से फैल रहे कोरोना और ओमिक्रॉन को लेकर जिला प्रशासन रायपुर के मार्गदर्शन में राजधानी के एनजीओ नागरिकों द्वारा एक विशेष पहल की गई है। इस अभियान के माध्यम से विभिन्न चौक-चौराहों पर हाथों में तख्तियां लिए एनजीओ उन्हें कोरोना से बचाने के लिए प्रेरित करने में लगे हुए हैं। दरअसल, स्वयंसेवी संस्थाओं के स्वयंसेवकों ने 'रोको और टोको' अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत शहर के चौक-चौराहों एवं सड़कों में घूम-घूमकर लोगों को ठीक से मास्क लगाने, निश्चित दूरी का पालन करने एवं टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वी द पीपल, यूनिसेफके वालंटियर्स ने तेलीबांधा क्षेत्र में लोगों को कोविड प्रोटोकॉल नियमों का पालन कर संक्रमण नियंत्रण हेतु प्रेरित किया।

गौरतलब है कि चंद दिनों में ही रायपुर नगर निगम ने सीमा के अंदर जांच अभियान चलाया था। जिसमें करीब 7320 लोगों के खिलाफ मास्क नहीं पहनने पर चालान की कार्रवाई की गई है।बिना मास्क घूम रहे इन लोगों से निगम ने 5 लाख 58 हजार 270 रुपये की भारी भरकम रकम वसूल की।इससे साफ है कि लोग अब भी जागरूक नहीं हो रहे हैं। निगम कर्मचारियों ने समझाया कि अगर आम जनता अभी भी मामले की गंभीरता को नहीं समझी तो इसका खामियाजा उन्हें और उनके परिवारों को भुगतना पड़ेगा।जान जोखिम में डालकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं महिला समूह इस जांच पड़ताल में तैनात निगम का स्वास्थ्य विभाग और महिला स्वसहायता समूहों की महिलाएं अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से ये कार्यवाही कर रही है।

छत्तीसगढ़ सहित भारत में बढ़ेगी ठंड

रायपुर/नवप्रदेश। उत्तर भारत के कई इलाकों में हुई बारिश के कारण ठिठुरन बढ़ गई है. इसके अलावा पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही भारी बर्फबारी ने भी पारा को न्यूनतम स्तर पर ला दिया है। वहीं देश में सबसे कम तापमान लेह में दर्ज किया गया. यहां न्यूनतम तापमान -11 डिग्री दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के चलते देश के पूर्वी हिस्से ओडिशा, झारखंड, बंगाल और बिहार में बारिश की सम्भवना जताई गई है. मौसम विभाग ने झारखंड, बंगाल और बिहार में 11 जनवरी से 13 जनवरी तक के लिए इन राज्यों में येलो अलर्ट जारी किया है.

साथ ही, ओडिशा में 11 और 12 जनवरी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा आज छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा में ओलावृष्टि की भी संभावना है.

छत्तीसगढ़ प्रदेश के उत्तरी भाग में पवन संगम क्षेत्र बनने की संभावना है इसके कारण प्रदेश में अभी फिलहाल अगले 2 दिनों तक मौसम में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है. प्रदेश के उत्तरी भाग (सरगुजा संभाग) में मौसम में आंशिक सुधार होने की संभावना है, किंतु आंशिक रूप से बादल बने रहने तथा एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना बना हुआ रहेगा।

कलेक्टर सुनील जैन कोरोना संक्रमित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर बलौदाबाजार सुनील कुमार जैन कोरोना से संक्रमित हो गए, उनकी जांच रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई। उन्होंने ट्रूनाट विधि से मंगलवार सवेरे कोरोना की जांच कराई। हालांकि उन्हें कोरोना के कोई लक्षण मौजूद नहीं थे। सर्दी, खांसी, बुखार अथवा अन्य कोई परेशानी नहीं थी। एहतियातन उन्होंने कोरोना जांच कराई थी। कलेक्टर जैन ने उनसे सम्पर्क में आने वाले सभी लोगों एवं अधिकारियों से कोरोना जांच करा लेने की अपील की है। कलेक्टर दूसरी बार कोरोना संक्रमित हुए है। इसके पहले अप्रैल 2021 में भी कोरोना संक्रमित हुए थे। उन्हें कोविड के दोनों टीके लग चुके हैं।